THE UNION BUDGET, 2021-22*

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर) : माननीय सभापति जी, इस बजट में आशा दिखती है। आशा दिखती है एक नए भारत की, सशक्त भारत की, आत्मनिर्भर भारत की। I see a hope, hope for a new India, a stronger India and a self-reliant India. It will set us on the path of economic and manufacturing powerhouse. इसमें विशेष तौर पर देखा जाए, तो capital expenditure में 34.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। इसमें लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपए ज्यादा capital expenditure किया जाएगा।

सर, जब मुझसे विपक्ष के नेताओं में मनोज जी कह रहे थे कि 'आम बजट या खास बजट', तो मैं यही कहना चाहता हूँ कि अगर हिन्दुस्तान के इतिहास में किसी प्रधान मंत्री ने सबसे ज्यादा गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है, तो उनका नाम नरेन्द्र मोदी है। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ऐसा किया है। ...(**व्यवधान**)... सर, देखिए, 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को शौचालय देना, हर परिवार को पक्का मकान देना, हर गाँव तक बिजली पहुँचाना, हर गरीब को मुफ्त में बिजली देना, 4-4 एलईडी के बल्ब देना तथा अब हर घर नल और नल से स्वच्छ जल देने का काम भी नरेन्द्र मोदी जी की सरकार करने जा रही है। यही नहीं, अनुसूचित जाति को आप किसमें गिनते हैं, खास में या आम में, मैं आपसे ही पूछना चाहता हूँ? सर, अगर अनुसूचित जाति की बात की जाए, तो across ministries, 51.65 प्रतिशत की बजट में वृद्धि की गई है। इसको लगभग 83 हजार करोड़ से बढ़ा कर 1 लाख, 26 हजार करोड़ से ज्यादा किया गया है। सर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय किसके लिए काम करता है, सामाजिक न्याय किसके लिए - उस पिछड़े के लिए, जिसको पहले लाभ नहीं मिलता था। अगर उसके लिए उस बजट में 28 प्रतिशत की वृद्धि की, तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ऐसा करने का काम किया है। यही नहीं, विकलांगों के लिए, दिव्यांगों के लिए, आप उनको किसमें गिनते हैं, आम में या खास में, उनके लिए भी बजट में 30 प्रतिशत की वृद्धि करके उसमें 1,171 करोड़ रुपए का बजट किया गया है। इसी तरह से 'मिशन शक्ति' है। आप महिलाओं को किसमें गिनते हैं, अगर 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, तो इसमें की गई है। 'पोषण-2.0 अभियान' किनके लिए है, उन बच्चों के लिए, जो कुपोषण का शिकार होते थे। यह उन्हीं के लिए शुरू किया गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : प्लीज़, प्लीज़। आप अपनी-अपनी जगह पर बैठिए, बात मत कीजिए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : वे महिलाएँ, जो anaemic रहती थीं, फिर टीबी मुक्त भारत किसके लिए, ताकि हमने हिन्दुस्तान में दुनिया से पहले जो टारगेट रखा है कि 2030 नहीं, बल्कि 2025 तक हम भारत को टीबी मुक्त बनाएँगे, यह भी किसी ने रखा, तो नरेन्द्र मोदी जी ने रखा।

---

* Further discussion continued from 11.02.2021.

सर, यहाँ यह आरोप लगाया गया कि हम family silver बेचने जा रहे हैं। एक तो इनके नेता ने कहा कि 'हम दो, हमारे दो', मैं उसमें नहीं जाऊँगा, लेकिन वे कौन सी दो कंपनियाँ थीं, जिनको आपने देश के चार बड़े एयरपोर्ट्स दे दिए! न आपने दिल्ली छोड़ी, न मुम्बई, न हैदराबाद, न बेंगलुरु। क्या आप जवाब देंगे कि इन 6 एयरपोर्ट्स को privatize करने का काम आपके समय शुरू हुआ था, जो इसके बाद मिला है? एयर इंडिया की दुर्गति किसने की? क्या हालत थी एयर इंडिया की, क्या देश नहीं जानता! किन हाथों में आपको देकर गए थे और आपने 28 की बजाय 58 एयरक्राफ्ट्स खरीदने की बात की। 7 हजार करोड़ का revenue आता था, लेकिन आपने 50 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया। आप एयर इंडिया को डुबा कर चले गए, अब आप चाहते हैं कि हिन्दुस्तान के taxpayers का पैसा, हर साल 6-6 हजार करोड़ रुपया उसके लिए डाला जाए, लेकिन देश की गरीब जनता के विकास के लिए न दिया जाए! क्या करना चाहिए, आप प्राथमिकता तय कर लीजिए।

माननीय सभापति जी, यही नहीं, दुर्भाग्य इस बात का है कि गलतियां ये करके जाएं और.... आपकी सरकार के समय में दस साल तक महंगाई की दर 11%-12% रही थी, लेकिन माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में average inflation 4% है। हमारी सरकार ने यह काम करके दिखाया है। आप fiscal deficit को 5.6% पर छोड़ कर गए, लेकिन हमने उसको कम करके 3.5% से कम पर लाने का काम किया है। अगर देखा जाए, तो आपने हिन्दुस्तान के बैंकों को लगातार, एक के बाद एक aggressive lending करवा के, उन लोगों को पैसा देने के लिए मजबूर किया। पैसा लेकर आज वे लोग विदेशों में भाग खड़े हुए हैं, लेकिन तब भी आपने उनके लिए कोई कड़ा कानून नहीं बनाया। इस सम्बन्ध में जो कड़ा कानून, Fugitive Economic Offenders Act बनाया, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बनाया। मोदी सरकार ने बैंकों का asset quality review करवाया और सही NPAs declare किए। उसके बाद बैंकों का 5.5 लाख करोड़ रुपये का जो recapitalization किया, वह मोदी जी की सरकार ने किया।

(उपसभापति महोदय *पीठासीन हुए)*

इस साल भी बैंकों को फिर से 20,000 करोड़ रुपये देने की बात की है। आज बैंकों को जो PCA framework से बाहर लाई है, वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार लाई है। आप किसी भी विषय पर, किसी भी Department के काम पर चर्चा करें, आप देखेंगे कि देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। आज पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। यही नहीं, मैं आपसे पूछना चाहता हूं, ऐसी क्या बात थी कि आपकी सरकार के समय में एक के बाद घोटाले आते चले गए। डॉक्टर साहब ईमानदार व्यक्ति थे, लेकिन नीचे के जो सब लोग थे, आप उनके काम को देखेंगे, तो एक के बाद दूसरा, दूसरे के बाद तीसरा, तीसरे के बाद चौथा, इस तरह कई घोटाले आते चले गए। आपके समय में शायद ही कोई डिपार्टमेंट ऐसा होगा, जहां से घोटाले की बू न आ रही हो। मोदी सरकार के सात वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन कोई सात पैसे का आरोप भी मोदी सरकार के किसी मंत्री पर नहीं लगा सका है, क्योंकि यह ईमानदारी से चलने वाली सरकार है। यही नहीं, आपमें से एक माननीय सदस्य ने कहा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम कुटीर उद्योगों के लिए आपकी सरकार ने क्या किया? हमने तो जो किया सो किया, लेकिन आप

तो उसकी definition तक को भी नहीं बदल पाए। हमने सूक्ष्म, लघु और मध्यम कुटीर उद्योग की definition बदली, उनकी turnover limit को बढ़ाया और इस आपदा के समय में बगैर किसी guarantee and collateral के 3 लाख करोड़ रुपये देने के साथ-साथ 20 per cent additional working capital दी। इसके साथ-साथ Subordinate Debt Scheme में 30,000 करोड़ रुपये दिए गए और Partial Credit Guarantee Scheme में भी पैसा दिया गया। यही नहीं, cost of lending has also gone down.

सर, आज interest rate लगातार कम हो रहा है और लोगों की खरीदारी बढ़ रही है। Real estate में वापस तेज़ी कैसे आई है? क्यों मध्यम वर्ग के लोग आज अपना घर लेना चाहते हैं? यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि हमने एक साल के लिए वापस उनको income tax exemption दिया है और interest subsidy को भी बढ़ा दिया है। आज गरीब लोगों को घर मिल रहा है। RERA जैसा कानून लाया गया है। पहले जब माननीय सभापति जी इस विभाग में मंत्री थे, उस समय माननीय श्री वेंकैया नायडु जी RERA का कानून लेकर आए थे। ये सब काम मोदी सरकार के समय में हुए हैं, जिनके माध्यम से गरीब लोगों को घर मिलने का काम हुआ और रुके हुए projects को भी पूरा करने का काम भी हुआ। हमने MSME के लिए restructuring allow की और 25 करोड़ तक के जो accounts थे, उनके लिए resolution लाने और restructuring करने का काम किया। कामत कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में इसमें 26 सेक्टर्स को जोड़ने की सिफारिश की, उसमें health को भी जोड़ा गया और उनको भी पैसा देने का काम किया गया।

आपमें से किसी ने कहा कि हिन्दुस्तान manufacturing hub नहीं बन सकता है। इस देश के अपर हाउस में बैठकर कर अगर कोई यह कहता है कि हमारा देश manufacturing hub नहीं बन सकता है, तो यह कहने वाले का दुर्भाग्य है। हम माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान को दुनिया की सबसे बड़ी skilled workforce भी बनाएंगे, manufacturing powerhouse भी बनाएंगे और economic powerhouse भी बनाएंगे। हम आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। मैं बताना चाहूंगा कि इसके लिए हमने कौन-कौन से कदम उठाए। हमारी सरकार Production-Linked Incentive Scheme लेकर आई। हमारे यहां मोबाईल की केवल दो फैक्टरीज़ थीं, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान इतना आगे बढ़ा कि भारत आज दुनिया में मोबाईल का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन कर तैयार हो गया है, दुनिया भर की बड़ी-बड़ी कम्पनीज़ यहां आ गई हैं, 'एप्पल' की तीन से ज्यादा यूनिट्स यहां लग रही हैं। यही नहीं, अब हमने Production-Linked Incentive Scheme के लिए 10 sectors identify किए हैं, जिसके लिए हमने 1,97,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सभी सेक्टर्स में हम भारत को ऊँचाई की बुलंदियों पर लेकर जाएंगे। माननीय स्मृति इरानी जी का डिपार्टमेंट 'मेगा निवेश टेक्सटाइल पार्क (मित्रा) योजना' लेकर आया है। हमारे देश में textile के सात बड़े पार्क आएंगे। एक-एक पार्क में 40 से 50 हजार लोगों को रोज़गार मिल सकता है, इस तरह की संभावनाएं खड़ी हो रही हैं। इसके साथ-साथ medical devices and diagnostic के चार पार्क आएंगे। हम दुनिया की एक बड़ी फार्मेसी हैं, लेकिन raw material कहीं और से आता है, इसलिए अब raw-material यहीं पर बन सके, इसके लिए तीन बड़े Bulk Drug Parks आने वाले हैं। इन पार्कों के लिए लगभग 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का investment किया जाएगा। हम फिनटेक हब यहां बनाने की बात कर रहे हैं। यही नहीं, ये पूछते थे कि जॉब क्रिएशन कहां से होगी? यहीं से होगी। रीयल एस्टेट बढ़ रहा

है, कंस्ट्रक्शन बढ़ रही है, केपिटल एक्सपेन्डिचर हम साढ़े पांच लाख करोड़ ज्यादा करने जा रहे है। इसका मल्टीप्लायर इफेक्ट होगा तो अढ़ाई से तीन गुणा ज्यादा होगा। क्योंकि पटनायक जी यहां बैठे हैं, उन्होंने एक बहुत ही शानदार बात कही थी कि ओडिशा की सैल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं ने कैसे शानदार काम किया। सर, सुनकर मज़ा आता है कि कोई, अपने राज्य के बारे में अच्छा काम किया, उसका उल्लेख करे, हमें सीखने को मिलता है। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं के लिए उसमें दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किये, ताकि हमारी बहनें और ज्यादा अपने स्वयं सहायता समूह बना सकें।

यहां रेड्डी जी बैठे थे, उन्होंने टर्मरिक बोर्ड बनाने के लिए बात कही, उन्होंने यह भी कहा कि एनआरआईज. के लिए वैलफेयर बोर्ड बने। मज़ा आता है, जब कोई विपक्ष का नेता केवल आलोचना न करने की बजाय अच्छे सुझाव दे। सरकार उन पर विचार करती है और इस बजट को बनाने से पहले हमने लगातार पूरे देश के बुद्धिजीवियों से, अर्थशास्त्रियों से विचार-विमर्श किया और आपदा के समय भी नरेन्द्र मोदी जी ने जो कदम उठाये, वे दुनिया और देश के लोगों से बात करके उठाये। सभी मुख्य मंत्रियों को ऑन बोर्ड लिया। यही कारण है कि आज दुनिया के जिन देशों में सबसे कम मृत्यु दर है, तो हिन्दुस्तान उन देशों में से एक है। यही नहीं, हिन्दुस्तान में एक भी पीपीई किट नहीं बनती थी, हम आत्मनिर्भर हुए, आज हम दुनिया भर को पीपीई किट देते हैं। हिन्दुस्तान हाथ फैलाता था, आज दुनिया के सौ से ज्यादा देशों को कोविड वैक्सीन देने का काम किया तो हिन्दुस्तान की सरकार ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किया। यही नहीं, हम और आगे बढ़ेंगे, सैल्फ रिलायंट बनेंगे।

सर, कुछ बातें किसानों के बारे में कहकर मैं अपनी बात खत्म कर दूंगा, क्योंकि बजट में 65 हजार करोड़ रुपये का एक बड़ा हिस्सा 'पीएम किसान योजना' में दिया है। तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि यह क्यों कम हो गया, यह इसलिए कम हो गया, क्योंकि तृणमूल की सरकार ने पश्चिमी बंगाल के किसानों को जो 14 हजार रुपये प्रति किसान मिलने थे, उन्होंने देने से मना कर दिया कि हम अपने प्रदेश के किसानों को नहीं देंगे। पश्चिमी बंगाल के किसानों को यह पैसा मिल सकता था, लेकिन ममता जी की हठधर्मी के कारण यह पैसा वहां नहीं मिल पाया। चाहे 'आयुष्मान भारत योजना' हो, वह पश्चिमी बंगाल में नहीं मिल पाई। वहां हिंसा का दौर चलता है, वहां लोकतंत्र की हत्या होती है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने फिर भी किसानों के उत्थान के लिए कदम उठाये। कौन कहता है कि वह हमसे ज्यादा किसानों के लिए कर पाया? मैं इस खुले मंच से पूछना चाहता हूं - ये लोग कहते हैं कि काला कानून है, जिनकी नज़र ही काली होगी, सोच ही वैसी होगी, उनको यह कानून काला ही नज़र आएगा। हिन्दुस्तान के किसानों की आय को दोगुना करने के लिए इस कानून को लाया गया है और हम प्रतिबद्ध है, हम हिन्दुस्तान के किसानों की आय को दोगुना करके छोड़ेंगे।

सर, मैं उदाहरण के तौर पर कहना चाहता हूं। अगर आप देखें कि यूपीए के टाइम में गेहूं की खरीद 2013-14 में 33,874 करोड़ की हुई। हमने उससे दोगुने से ज्यादा 75 हजार करोड़ की खरीद की। धान की खरीद इन्होंने 63 हजार करोड़ की की, हमने 1,72,752 करोड़ की की। इन्होंने कपास की मात्र 90 करोड़ की खरीद की, लेकिन मोदी सरकार में 25,974 करोड़ की खरीद हुई। कहां 90 करोड़ और कहां 25,974 करोड़। यही नहीं दलहन के लिए 235 करोड़ रुपये इन्होंने खर्च किये तो हमने 10,530 करोड़, 40 गुणा से ज्यादा खर्च किये।

सर, अंत में केवल दो बातें कहकर मुझे अपनी बात खत्म करनी है। एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, ताकि पेरिशेबल गुड्स खत्म न हों। आपने 65 सालों तक क्यों नहीं बनाया? मोदी सरकार ने एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर सेस लगाया, लेकिन उसके बावजूद पेट्रोल और डीजल आदि किसी के दाम नहीं बढ़ेंगे। बड़े-बड़े बुद्धिजीवी, अर्थशास्त्री पिछली सरकार में थे, मैं खुली चुनौती देता हूं, उनमें कोई एक व्यक्ति आकर कहे कि कैसे सेस लगाने से दाम बढ़ सकता है। इस सदन में आकर वह गलत आंकड़ा देकर चले गये। दूसरे सदन में जाएं या इस सदन में कहें, आप लोग कहते हैं कि मंडी खत्म हो जाएगी। मेरी कांग्रेस पार्टी के नेताओं को खुली चुनौती है, कोई बताये, किस कानून में लिखा है कि मंडी बंद होगी? कहां लिखा है कि एमएसपी बंद होगा? है किसी कांग्रेस के नेता में दम या विपक्षी दल के नेता में दम, जो यह बतायें कि कृषि कानून में कहीं पर भी लिखा है कि मंडी बंद होगी या एमएसपी बंद होगा। देश के गरीब किसानों को, भोले-भाले किसानों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल मत कीजिए। किसानों की आय को दोगुना करने का काम हमने लिया है और करके छोड़ेंगे। आप जितना मर्जी भ्रमित कीजिए, महात्मा गांधी के इस देश में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम हिन्दुस्तान को आगे लेकर जाएंगे - आत्मनिर्भर बनायेंगे और मैं इतना ही कहता हूं कि आप जो मंडी खत्म करने की बात करते थे, हम हज़ार मंडियों का और सशक्तिकरण करने जा रहे हैं। आपके पास न तर्क है, न तथ्य है, आप केवल टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। ऐसी बात बोलो - हैडलाइन बने, नेगेटिव न्यूज़ चलती रहे। हम नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाना चाहते हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं, जहाँ पर देश के नौजवान, महिला, मजदूर, किसान, जवान, सबको आगे बढ़ने का अवसर मिले। जब आप इस अर्थव्यवस्था को छोड़ कर गये थे - मैं इतना ही कहते हुए अपनी बात खत्म कर रहा हूँ कि जब 2014 में हमने सत्ता ली, तब भारत दुनिया की पाँच लड़खड़ाती, चरमराती अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने हिन्दुस्तान को दुनिया की पहली छः अर्थव्यवस्थाओं में लाकर खड़ा किया है। India was among the fragile five economies. Today, India is among the top six economies of the world. इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि हम हिन्दुस्तान को आगे ले जाने के लिए समर्पित हैं, प्रतिबद्ध हैं। आप विपक्ष की भूमिका निभाइये, सकारात्मक सोच के साथ आप सहयोग दीजिए। जब आप सत्ता में थे, तब हम भी देते थे, आज आप भी दीजिए, हम इकट्ठे मिल कर भारत को मजबूत बनायें। महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ABIR RANJAN BISWAS (West Bengal): Sir, I thank you for allowing me to speak. *"Bahujana Hitay, Bahujan Sukhay"* is a dictum enunciated in Rigveda which emphasizes that public welfare lies in the happiness of the masses. Kautilya Chanakya has said: *"Praja Sukhe Sukham, Rajyaha Prajanamcha hitehitam."* It means, in the happiness of his public rests the king's happiness, in their welfare, his welfare. He shall not consider as good only that which pleases him but treat as beneficial to him whatever pleases his people.

The economy has shrunk and revenues plunged with fiscal deficit tripling to 9.5 per cent of GDP as against the budgeted 3.5 per cent. Receipts under all three

heads, tax revenues, non-tax revenues and non-debt capital, fell short in the current fiscal as compared to their budgeted targets. There was a colossal level of expectation on the Union Budget 2021, as it had the opportunity as well as capability to provide a boost to the economy; whereas, it provided no remedy for the struggling economy. The sectors with huge appetite such as Education, Health, Agriculture and Defence have received comparatively lesser funds, most astonishingly. The primary concerns for the growth of the country, unemployment and inequality have gone out of focus. Most importantly, there has been no announcement on sector-specific revival packages for ailing sectors like telecommunication, power, construction, mining, aviation and travel, tourism and hospitality. These only reflect that the state of affairs are averse to the dictum of the Rigveda or utterances of Kautilya Chanakya, under the current regime. The Budget Statement of 2021-22 only confirmed that the Government is committed to an institutionalized programme to increase the income inequality while allowing for the unbridled growth of corporate private capital. Its growth model is of an economy driven by the sheer brute power of private capital on the back of rising mass poverty. The hon. Finance Minister felt no need to explain in the Budget, how and why the fiscal deficit is nearly twice of what it was in the previous year. Also, she felt no need to explain where this shortfall in taxes occurred. These are important questions to understand for one who is bearing the costs of the pandemic. The shortfall in collection of taxes was 35 per cent from corporate taxes, 29 per cent from income tax and only 15 per cent from indirect taxes, that is, goods and services tax, excise on petrol and diesel etc. This suggests that the companies and the rich who pay income tax suffered more from the pandemic as they paid less taxes than expected! But the poor, who lost jobs, suffered the most during pandemic, also paid way more taxes in proportion to their income than the rich. They not just paid GST on every essential commodity they consumed, but the high taxes on petrol and diesel pushed the price up of these commodities further, leading the poor to bear a larger cost of the pandemic. You would be sad to know that we have repeated the event of first Budget, 73 years ago, way back in 1947-48, where corporate taxes were estimated to be less than income tax. This is our progress. We are moving backwards. We know that the poorest suffered the most from the pandemic and continue to suffer but this Budget reveals that even the Government extracted more from them.

Sir, I would say, they were being made to pay through their nose. All this is to make further easier for the rich and super rich of the country. The Budget announces that it will reduce the investigation period for tax evasion from six years to three years, and also raise the limit for serious fraud cases to an annual income of Rs.

50 lakh and above. This effectively puts an end to a substantial number of earlier income tax evasion cases. In this regard, I would just say that we all know, and you will be pleased to know, and you will appreciate, that the founding principles of democracy reiterate the phrase, "of the people, for the people & by the people". However, this Government is guided by different principles which are poles apart from that and it is, I feel, "for the capitalists, by the capitalists, and of the capitalists". I would also say that the Government has only one magical answer to all problems and what is it? It is to privatise the public sector and monetize the public assets, including lands, public works, highways, electricity lines, whatever. The Budget announced that it will, in the year ahead, privatise two public sector banks. It has decided this without even naming which banks it plans to privatise. This indicates that there is no rationale or reason other than brazen commitment to the private sector. Sir, also, we know that the Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation of India ensures only up to Rs. 5 lakhs which is inducing a fear psychosis about investing any further in the public sector banks. This is a process for the capital to go elsewhere. The message from the Budget is that if you suffered so be it, don't complain, don't expect anything, just get on with it. This is the notion of self-reliance; self-reliance of individuals, not that of the country, and thus, Government opened the insurance industry to complete foreign ownership and control. The Life Insurance Corporation of India has been sacrificed, I feel, on the altar of crony capitalism. Now, we are having certain electoral lurings. The Government has announced Rs. 100 crore package for tea plantation workers in Assam and West Bengal. Of course, it is a welcome move, but for tea plantation workers who are beyond destitution have been so far suffering for decades. This is nice if we look into the facts exactly how far will this money go:- If it is divided equally among the five lakh tea plantation workers in the two States, it amounts to Rs. 2,000 per worker for the whole year. Should I repeat, Sir? It is for the whole year. So, it is well-imaginable as to how far it will solve their problems. In this regard, also, I would like to bring to your notice that during the last Lok Sabha polls in Bengal, there were electoral promises of 7 tea estates being put under acquisition and till date, noting has transpired and the labour is continue to suffer.

Sir, now, I will mention the sector-wise problems that have been created. The education sector observed a dip in terms of fund allocation. The allocated fund to Education Ministry has been brought down by Rs. 6,086-plus crores. That means, now, it is Rs. 93,224-plus crores in 2021-22. The fund for essential schemes like *Samagra Shiksha Abhiyaan* also has been brought down from Rs. 38,750 crores to Rs. 31,050-plus crores. The fund allocation for

National Scheme for Incentive to Girls for Secondary Education has been decreased by Rs. 100 crores. All these are deplorable steps. Surprisingly, there has been no announcement on digital infrastructure despite a mammoth increase on online learning as schools, colleges and coaching institutes had to remain shut due to the pandemic. In this regard, I would like to mention that the Bengal Government, under the leadership of hon. Chief Minister, Ms. Mamata Banerjee, provided Rs. 10,000 to 9.5 lakh students of Class XII to buy smart phones for online education. For the agricultural sector, the Budget did not enhance any support to the agricultural sector. There is no such increase in the outlays on any of the existing central sector schemes on agriculture, including that on crop insurance, or those centrally-sponsored schemes transferred to the States like on irrigation, the RKVY or the Food Security Mission.Out of the Budget outlay of Rs.1.30 trillion for 2019-20, the actual spending was Rs.94,251 crores. In 2020-21, out of Rs.1.34 trillion, the spending was Rs.1.17 trillion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Abir Ranjan*ji*, please conclude.

SHRI ABIR RANJAN BISWAS: Sir, I will take two minutes more and then conclude. Most astonishingly, this year, from the much hyped about scheme, this Government's flagship scheme, PM-Kisan, Rs.10,000 crores have been slashed in that account. While this Government lauds the *Kisan* as *Annadata*, but this does not reciprocate in its actions. So this is not expected. Whereas, while allocating Rs.900 crores for the newly-created Agricultural Infrastructure Fund for 2020-21, there has been a cut of Rs.1,700 crores on the Interest Subsidy Scheme for farm loans. For the defence sector, it has remained more or less the same. We know the threat of China and Pakistan looms large. We also know that they are joining hands in trying to put us in uneasiness. But in spite of that, there has been only a marginal increase of Rs.3,266 crores. The Defence pension needs to be mentioned. It has dipped from Rs.1.3 lakh crores in Budget estimates to...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI ABIR RANJAN BISWAS: Sir, I will take one minute more. Currently, it has been decreased by Rs.17,775 crores or 13.4 per cent. I can go on saying this but because of paucity of time, I will just conclude. There are disregarded sectors. The focus on inequality was completely missing ignoring the poor, the migrant workers, the daily wage earners...(*Interruptions*)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. I am calling the next speaker now. ...(*Interruptions*)...

SHRI ABIR RANJAN BISWAS: Sir, I will take just half-a-minute. I will say one thing and conclude. If India's top 11 billionaires are taxed at just one per cent of their wealth, it would pay the average wage of nine lakh ASHA workers for five years. ...(*Interruptions*)... Sir, with these words, I conclude...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri M.V. Shreyams Kumar. ...(*Interruptions*)...

SHRI M.V. SHREYAMS KUMAR (Kerala): Sir, the Finance Minister has stated that the Budget proposal rests on six pillars. However, in reality these six pillars rest on six enemies of the mind, that is, *kama*, *krodha*, *lobha*, *moha*, *mada* and *matsarya*. *Kama*-with the lust for more power, and *lobha*-greed to capture power; the Finance Minister has eyed on the ensuing elections in West Bengal, Kerala, Assam and Tamil Nadu and promised allocation for road infrastructure. The people of these States cannot be swayed away by the *moha* created by the Finance Minister. The Budget has shown *krodha*, *mada*, that is, false pride or ego, and *matsarya*, that is, envy, on the flagship programme of UPA Government and the world's largest Rural Employment Generation programme, MGNREGA, with a reduced allocation of Rs.38,500 crores, that is, a 34 per cent reduction. If this is any indication, the next Budget will be the last nail in the coffin of MGNREGA.

The proposal for privatizing the largest and most trusted insurance company in India, LIC and sale of Central PSUs, two public sector banks and one general insurance company militates against the establishment of a socialistic pattern of society envisaged by our founding fathers. Article 39(C) of the Constitution of India provides for regulating the economic system of the country so as to prevent concentration of wealth and resources in a few hands. Yesterday, Mr. Chidambaram was mentioning that 73 per cent of the wealthiest constitute one per cent of the population.

The allocation of Rs.65,000 crores for 1,100 kilometres of national highway works in Kerala is welcome. But several other demands from the State of Kerala have not been considered. Kerala wanted the Centre to increase its share in various welfare pension schemes, presently ranging from Rs.300-500 per month to, at least, Rs.1,000 per month. Kerala is currently giving a welfare pension of Rs.1,600 per month to 49 lakh pensioners with Direct Benefit Transfer of Rs.30,734 crores. Price

stability for commercial cash crops has not been considered. Even though Rs.1,000 crores were allocated for the welfare of tea workers in Assam and West Bengal, but Kerala is totally ignored. Kerala produces 60 million odd kilograms of tea every year and is ranked fourth in India.

11.00 A.M.

Kerala's demand for Trivandrum - Kasaragod semi high rail project, setting up of All India Institute of Medical Science (AIIMS), Sabari Rail Project, which aims to put the hill shrine into the railway network have been totally ignored. The long pending demand for special railway zone for Kerala is not considered. There is nothing in this Budget which addresses the key aspect of indigenisation of solar hardware. India's current annual demand for solar cell manufacturing is 20 gigawatts whereas its current average annual capacity is just 3 gigawatts. You have increased the duty from 5 to 15 per cent. The Finance Minister claims that there is an increase of 137 per cent in the Budget outlay for health. This is nothing but jugglery of figures. Budget estimates for Health is Rs.74,602 crores only, which is actually lower by Rs.7,843 crores, that is, lower by 9.5 per cent than the Revised Estimates and not as claimed by the Finance Minister. 95 per cent reduction for Women Empowerment Mission; a Budget outlay of just Rs.48 crores as against previous outlay of Rs.1,163 crores. Reduction of Rs.425 crores for the outlay of anganwadis. Sir, I will conclude in one minute. On the night of 24th March, the hon. Prime Minister, without consulting any of the States, suddenly announced a lockdown, pushing tens of thousands of daily wage migrant workers get stranded on the roads of cities, which they helped to build once. With the looming fear of hunger, men, women and children travelled hundreds of kilometres on barefoot to reach their homes. Infants and pregnant women suffered the most. Hundreds of them lost their lives during the tough journey. All States were stunned due to the sudden announcement of lockdown, with people groping in the dark. No help was forthcoming from the Centre. The Finance Minister has now announced 'One Nation One Ration Card' and a portal for migrant labourers, which is nothing but crocodile tears and is much too little, much too late. Sir, I would also like to urge upon the Finance Minister to reinstate the MPLADS fund. In Kerala, where I come from, and Tamil Nadu and Maharashtra, the MLAs have their Local Area Development Fund. In Kerala, it is Rs.5 crores. The MPs cannot help the local community and the local institutions without this Fund. I would like to conclude by saying that the Budget has no strategy for increasing revenues. With a poor track record in generating non-tax revenues, the

BJP Government's Budget makes several false and lofty promises for increased spending on infrastructure etc. with hardly anything at hand to spend. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Shreyams Kumar*ji*. Ex-Prime Minister, H.D. Devegowda*ji*; he is not present. Now, Ashok Siddharth*ji*.

श्री अशोक सिद्धार्थ (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे बजट पर चर्चा में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं अपनी पार्टी की नेता, आदरणीय बहन जी का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे पार्टी की ओर से बोलने के लिए अधिकृत किया।

मान्यवर, किसी भी सरकार के बजट की अच्छाइयाँ और कमियाँ उसमें किए गए प्रावधानों से उजागर होती हैं और जिस तरह के प्रावधान इस बजट में हैं, इस देश के किसानों, मज़दूरों, बेरोजगारों, दलितों, आदिवासियों, नौकरी-पेशा मध्यम वर्ग, रेहड़ी-पटरी कारोबारी या सेना के जवानों तथा उनके परिवारों के बुझे चेहरे और नम आँखें इस बात को दर्शाती हैं कि इस देश की बहुसंख्यक अवाम के लिए इस आम बजट में कुछ खास नहीं है।

मान्यवर, इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले लगभग एक वर्ष से कोरोना महामारी से उत्पन्न हालात ने भारत की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुँचाया है, जिसके कारण मंदी की मार झेल रहा देश महामंदी की गिरफ्त में आ गया है। ऐसे में भारत की 130 करोड़ जनता यह उम्मीद लगाए बैठी थी कि सरकार बजट में कुछ ऐसे कदम उठाएगी, जो राहत पहुँचाने वाले होंगे, लेकिन बजट में ऐसे उपाय नदारद हैं, जो लम्बे समय से आर्थिक मार झेल रहे लोगों के लिए मरहम का काम कर सकते। मान्यवर, इस बजट ने देश के लोगों को, खासकर गरीबों, कामकाजी तबकों, मज़दूरों, किसानों या स्थायी रूप से बंद हुई औद्योगिक इकाइयों से हुए बेरोजगार लोगों को निराश करने का काम किया है।

माननीय उपसभापति महोदय, जब बजट लोक सभा में पेश होता है, तो हर समाज, हर तबके, हर वर्ग के लोग उत्सुकता के साथ उसमें अपने और अपने समाज के बारे में सोचने का काम करते हैं कि उनके लिए क्या-क्या है। मैंने इस बजट स्पीच को बहुत गंभीरता और ध्यान से पढ़ने का काम किया है और मुझे भी इसमें निराशा हाथ लगी है। मान्यवर, सरकार ने जिस आक्रामक तेवर को अपनाते हुए नीति आयोग को भी निवेश के लिए नई कंपनियों को सूचीबद्ध करने एवं सरकारी संपत्तियों को मुद्रित करने के लिए कहा है, वह इस बात को दर्शाता है कि यह सरकार गरीबों को और गरीब तथा अमीरों को और अमीर बनाना चाहती है। यदि ऐसा न होता तो सरकार ने बजट में विनिवेश के माध्यम से इस वर्ष भी पिछले वर्ष के 2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.75 हज़ार करोड़ रुपये जुटाने के लिए सरकारी उपक्रम, जैसे Air India, Shipping Corporation of India, Bharat Earth Movers Limited, BPCL, Container Corporation of India, BEML, Pawan Hans, Neelachal Ispat Nigam Limited, IDBI bank के अलावा दो सार्वजनिक क्षेत्रीय बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण करने का जो प्रस्ताव रखा है वह न होता। महोदय, प्राइवेट कंपनियों को बिजली वितरण के लिए भी आह्वान किया गया है, Central

Warehousing Corporation को किराए पर देने या बेचने की बात कही गई है, माल-भाड़ा ढोने वाली रेल गाड़ी या corridor बनाने का काम, उसको भी प्राइवेट करने का काम किया गया है।

मान्यवर, घाटे को पूरा करने के लिए पैसे जुटाना सरकार की मजबूरी है, लेकिन उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए, खास तौर से दलित, शोषित और पिछड़ों की हिस्सेदारी पर डाका डालना किसी प्रकार उचित नहीं है। हमारे जो उद्योग नवरत्न कहलाते थे, वे फायदे में चल रहे थे, चाहे BPCL हो, CONCOR हो, फायदे में चलने वाले उद्योगों को, HPCL की पाइपलाइन हो, GAIL की पाइपलाइन हो, इन सबको आप जब प्राइवेट सेक्टर में देंगे, तो स्पष्ट है और सरकार इस बात को जानती है कि इस देश में प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण नहीं है और जब प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण नहीं है तो बड़े पैमाने पर इसमें लाखों की संख्या में SC, ST और OBC के लोग, जिनको आरक्षण का लाभ मिलता था, क्या सरकार उस आरक्षण को देने का काम करेगी या प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण के लिए कोई संशोधन लाने का काम करेगी? अगर सरकार की नीयत साफ हो तो उन्हें उत्तर प्रदेश की वर्ष 2007-2012 की सरकार में हमारी पार्टी की मुख्य मंत्री परम आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी से उदाहरण लेना चाहिए, जिन्होंने अपनी सरकार में प्राइवेट सेक्टर में रिज़र्वेशन करने का काम किया और न सिर्फ प्राइवेट सेक्टर में रिज़र्वेशन करने का काम किया, बल्कि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स में भी रिज़र्वेशन देने का काम किया। यह सरकार भले ही पैसे जुटाने के लिए प्राइवेट सेक्टर को दे, लेकिन मेरा निवेदन यह है कि पहले प्राइवेट सेक्टर में रिज़र्वेशन लाए, जिससे SC वर्ग की लगभग 25 परसेंट आबादी और ओबीसी वर्ग की लगभग 52 परसेंट आबादी को लाभ पहुंचे। भारत के संविधान में बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने जिस आरक्षण की व्यवस्था की थी, उस आरक्षण को आज तक आज़ादी के 73 वर्ष बाद भी किसी सरकार ने, चाहे पहले यूपीए की सरकार रही हो या वर्तमान में एनडीए की सरकार जब भी आयी है, तब इन्होंने निजीकरण को फायदा पहुंचाने का काम किया है। निजीकरण से स्पष्ट रूप से सबसे ज्यादा नुकसान SC, ST और OBC के उन लोगों का होता है, जिनको सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलता है।

मान्यवर, सरकार ने जिस तरह से अपनी नीयत को साफ किए बिना इन लोगों को देने का काम किया है।

श्री उपसभापति : माननीय अशोक सिद्धार्थ जी, आप conclude कीजिए।

श्री अशोक सिद्धार्थ : महोदय, अभी चार मिनट हुए हैं।

श्री उपसभापति : आप अपनी बात पूरी करें, आपका समय समाप्त हो रहा है।

श्री अशोक सिद्धार्थ : महोदय, मंत्रीगण पूरे देश में ढिंढोरा पीटते घूम रहे हैं कि उन्होंने इस बजट में अनुसूचित जाति के लिए 1 लाख 26 हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान रखा, जो 51 परसेंट से ज्यादा है, लेकिन मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि नीति आयोग के अनुसार अनुसूचित जाति के सब-प्लान में यह स्पष्ट कहा गया है कि इनके समग्र विकास के लिए इन समूहों की जनसंख्या के अनुपात में भारत सरकार को बजट का निर्धारण करना चाहिए। अगर हम

34.8 लाख करोड़ के बजट में हिस्सेदारी देखें, तो लगभग 6.5 लाख करोड़ की बनती है। मेरा सरकार से निवेदन है कि सरकार एससी, एसटी के लिए बजट में उनकी आबादी में हिसाब से हिस्सेदारी देने का काम करे।

मान्यवर, सरकार ने दलित छात्रों की शिक्षा हेतु भी पोस्ट मैट्रिक के लिए 3,416 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, मेरा सरकार से निवेदन है कि 6 साल में 35,200 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रावधान किया गया है।

श्री उपसभापति : माननीय अशोक सिद्धार्थ जी, आप conclude कीजिए।

श्री अशोक सिद्धार्थ : महोदय, उस प्रावधान में से अगर हम 6 वर्षों में बराबर बांटे, तो भी 5 हज़ार करोड़ रुपये बनते हैं। मेरा सरकार से निवेदन है...(**व्यवधान**)...मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरह की तकरीरें हुईं, चुनौतियां देने का काम किया गया, मंडियां खत्म करने की बात की गई, मैं इन चार लाइनों के साथ अपनी बात पूरी करूंगा।

श्री उपसभापति : माननीय अशोक सिद्धार्थ जी, आपका समय बहुत पहले पूरा हो चुका है ।

श्री अशोक सिद्धार्थ : महोदय, 10 सेकंड दे दीजिए। मैं चार लाइनों से साथ अपनी बात समाप्त करूंगा:-

"नीम के रस में मिला ज़हर तो मीठा हो गया,
झूठ उसने इस कदर बोला कि सच्चा हो गया,
इतना उजला था लिबास-ए-लफ़्ज़ उस तकरीर का,
लोग थोड़ी देर को समझे कि सवेरा हो गया।"

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Mr. Deputy Chairman, Sir, in one of his very famous writings, Karl Marx wrote, 'at a higher stage of capitalist development, the Government will become an executive committee of the bourgeois.' I repeat, 'at a higher stage of capitalist development, the Government will become an executive committee of the bourgeois.' Exactly, that is what is happening today in the country. The Government speaks a lot about the poor, about the peasants, about the unemployed, no dearth of words. Naturally, the Government is serving the interest of the big capital in the country and outside the country too. The Budget speaks voluminously about that. Sir, hence this Budget can be called as a Budget of the Government which in the name of Atmanirbhar Bharat is wholly, surely and very clearly serving all the greed of the capitalists inside the country and outside the country. So, this Budget is a Budget driven by FDI. This Government always talks about Swadeshi and that Swadeshi gave a shape to the Atmanirbhar Bharat. I would like to ask my friends in the BJP if this is the model of the Atmanirbhar Bharat. You

surrendered all the vitals of the economy to the FDI, everything, everything. In the name of COVID a series of packages you proclaimed. What have you done actually? You surrendered the heart and soul of India before the FDI. Sir, the banks for the FDI, the insurance for the FDI, the port for the FDI, airports for the FDI, the mines for the FDI, the sky, the earth and *bhumi, akasham, patalam, yellam FDI*. This Government can be called as a Government of the FDI, the foreign capital. I request the Minister and the friends in the BJP please don't try to cheat the people. Tell the people who you are and what you are. It is high time the people understood this. Sir, the pandemic of the day shook the whole world. It taught lessons also to the world. It brought a lesson with that. The market model, it fails everywhere, everywhere, including America it fails. When the people were starving to death, without medicines even, even in the US, the haven of the capitalism, the Government was helpless. People were dying. There is no need to tell about that. That model is a failed model. But, this Government is blindly following it in this Budget also. Sir, the Government claims, the FM claims that there is an increase of 137 per cent for the health sector. Is it true? You put together sanitation, nutrition and everything in the one basket and tell that there is a big increase of great 137 per cent. And true it is! Sir, Rs.71,268 crores were given to the Health and Family Welfare. The Revised Estimate for the previous year, 2020-21, was Rs.78,866 crores. In fact, there is a decrease of 10 per cent. In the days of the pandemic, in the days of Covid, the Budget of Government of India led by the BJP, has a decrease of 9 per cent! This is what I researched in the documents. You may claim. The Economic Survey also suggested an expenditure of at least 2.5 to 3 per cent on the health sector. How much percentage have you allocated? I request the Government, the Minister, to just inform the House as to the percentage you have spent on the health sector during these days. Also, inform this House what the secrets behind putting everything and to project a figure of 137 per cent increase, are; myth! I feel very sorry about this, Sir. ...(*Interruptions*)...

Sir, on employment, how much did you spend? On MNREGA, the Budget promised was Rs.73,000 crore. The previous year, it was Rs.1.1 lakh crore. In fact, it is 34 per cent less. And you say that you are for creating employment opportunities! You are destroying the rural economy. You are cheating the rural poor. You are killing one of the greatest schemes of the country, called MNREGA. That is what is happening here.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now. Your time is up.

SHRI BINOY VISWAM: In the banking sector, what a gimmick you have done! A new type of banks, called 'Bad Banks', are being created. It is a Government of bad banks, a Government of bad economy, a Government of bad economists and a Government of bad governance!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, please conclude. I will be calling the other speaker now. Your time is already up. Please conclude. The time is not in my hands.

SHRI BINOY VISWAM: A bad bank is meant for whom? It is for the bad loans. Who are the creators of bad loans? Who are they? All the NPA holders are their friends, Sir!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Binoyji.

SHRI BINOY VISWAM: The bank employees are on the path of a strike. On 16th of March, they will be on strike.

श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात): माननीय उपसभापति महोदय, जब पूरा देश जीएसटी, नोटबंदी और कुछ गलत नीतियों की वजह से एक मुश्किल दौर से गुजर रहा था, उसी वक्त पर कोरोना की महामारी ने एक बहुत बड़ा झटका दे दिया था, जिससे बहुत लोग बरबाद हो गए हैं। एक उम्मीद की किरण जागी थी कि भारत सरकार का बजट आएगा, तो हमारे लिए कुछ सुनहरा चांद खिल जाएगा। मुझे कहना होगा कि यह सरकार देशवासियों की उम्मीदों को धूमिल कर देने वाला बजट लेकर आई है। सर, कमाई करो, उस पर टैक्स भरो और खर्च करो, तो उसके ऊपर भी टैक्स भरो, ऐसा कहने वाला बजट यह सरकार लेकर आई है।

माननीय उपसभापति महोदय, एक ही मां के दो बच्चे होते हैं। एक छोटा बेटा होता है और दूसरा उम्र में बड़ा मज़बूत बेटा होता है। दोनों बेटे अपने होते हुए मां छोटे बेटे को गोद में बैठाकर खिलाती है और अगर बड़े बेटे के पास ज्यादा है, तो उससे लेकर छोटे बेटे को दे देती है। मां छोटे बेटे को यह नहीं कहती है कि आत्मनिर्भर बन जा, आत्मनिर्भर बन जा, तेरी सुरक्षा करने की मुझे कोई जरूरत नहीं है। यहां तो उलटा हुआ है। कमज़ोर लोगों को कहते हैं, गरीब लोगों को कहते हैं, मिडिल क्लास को कहते हैं और government employees को कहते हैं कि आत्मनिर्भर बन जाओ और बड़े-बड़े दोस्तों को कहते हैं कि मेरा संरक्षण है। मित्रो, चिंता मत करना, मैं हूं न! ऐसी परिस्थिति वाला यह बजट आया है। माननीय उपसभापति महोदय, जो पार्टी आज पावर में है, वह यहां पर Opposition में भी थी। वे बार-बार कहते थे, our country is a developing country, लोगों की आय बढ़ती है, तो इन्कम टैक्स का स्लैब बढ़ना चाहिए और कम से कम 10 लाख हो जाना चाहिए। आपने उस स्लैब में कोई बढ़ोतरी नहीं की, आपने 80सी में कोई बढ़ोतरी नहीं की। हां, आपने कुछ-कुछ किया। वह कैसा किया - जैसे इंटरनेट पर देखते हैं, तो कहीं-कहीं बहुत attractive proposal लगता है, चलो इसको खरीद लो, बहुत बढ़िया है, पर फिर उसमें धीरे से

लिखा होता है कि "T&C apply", terms and conditions apply और जब उन terms and conditions में जाओगे, तो पाओगे कि यहां तो ठगे गए हो, कुछ मिलेगा नहीं। इस बजट में भी ऐसा है। लफ्ज़ है, senior citizen. Senior citizen तो 60 साल में हो जाता है। ये नई definition लेकर आए - 75 साल। जोर-जोर से कहा गया कि उसको टैक्स नहीं भरना होगा, रिटर्न नहीं भरना होगा और फिर terms and conditions आईं कि जो pensioners हैं और जिनकी सिर्फ इन्टरेस्ट की इन्कम है, वही, बाकी तो 80 साल के बूढ़े की वही की वही हालत है। यह इस बजट की असलियत है। भावनगर में शिप ब्रेकिंग यार्ड है। आप शिप ब्रेकिंग को डबल करने की बात करते हो। आप पांच साल का average देखो। 55-75 plots ही operational हैं, क्यों? क्योंकि आपकी पॉलिसी बीच में आ गई। बाहर से scrap आता है, आप उसकी ड्यूटी ज़ीरो करते हो और जहां पर जो इंडस्ट्री employment generate करती है, उस शिप ब्रेकिंग पर आप ढाई प्रतिशत ड्यूटी लगाते हो। यह कैसे चलेगा? वहां पर re-rolling mills चल रही हैं। वे बहुत अच्छी चलती थीं, अभी वहां पर आपका एक आदेश आया, Steel Products Quality Control Order, उसकी वजह से शिप का जो स्क्रैप निकलता है, वहां से आप steel bars नहीं बना सकते हैं। मैं कहता हूं कि क्वॉलिटी जरूर मेन्टेन करें, किंतु 20 mm तक के स्टील बार बनाने के लिए इसमें मंजूरी मिल जानी चाहिए। इस बजट की वजह से इलेक्ट्रॉनिक सामान, सूती कपड़े, सिल्क, प्लास्टिक, लेदर, ऊर्जा उपकरण, कपड़े, एलईडी बल्ब, फ्रिज, एसी आप सब कुछ महंगा करने जा रहे हैं। यह सब महंगा होगा, उसके ऊपर आपके टैक्स का डंडा पड़ रहा है।

*[**उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा)** पीठासीन हुए]*

हम सब यहां पर स्टेट्स को represent करते हैं, हम राज्य सभा के मेम्बर्स हैं, स्टेट के इन्टरेस्ट को प्रोटेक्ट करने की हमारी जिम्मेवारी है। यह सरकार क्या कर रही है? 14वें वित्त आयोग ने कहा है कि भारत सरकार जो भी टैक्स लेगी, 40 परसेंट स्टेट को देना पड़ेगा। यह सरकार टैक्स की बजाय सेस लेने जा रही है। इसलिए कि सेस से पैसा आएगा, उसका हिस्सा राज्य सरकार को नहीं देना पड़ेगा। यह जो पॉलिसी अपनाई है, मैं इसका विरोध करता हूं। माननीय महोदय, मैं यह जरूर कहूंगा कि वित्त मंत्री जी तो बहुत शालीन हैं, बहुत अच्छी हैं, वे जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पढ़ी हैं, जेएनयू, जिसको आजकल ये लोग देशद्रोहियों का अड्डा कहते हैं, वहां से बड़े-बड़े अच्छे लोग निकले हैं। इस बजट में दिक्कतें हैं, इसमें वित्त मंत्री का दोष नहीं है। जिस कैबिनेट में मंत्री अपना पीए या पीएस नियुक्त करने में आत्मनिर्भर नहीं हो, वह बजट आत्मनिर्भर कैसे हो सकता है, तो उसमें मैं वित्त मंत्री जी का दोष नहीं मानता हूं। उन्होंने तो उसी जेएनयू में से जीवनसाथी भी पसंद किया और वे जीवनसाथी हैं, जिनके संस्कार और background सारे कांग्रेस के खानदान के रहे हैं। उन्हें ऐसा जीवनसाथी भी जेएनयू से मिला है। महोदय, मैं कहूंगा कि अभी खेल के पैसे काटे हैं। मैं वित्त राज्य मंत्री जी को आपके जरिए कहना चाहूंगा कि ज़रा कभी-कभी वह ठाकुरपन अपने में भी दिखाओ, आप तो स्पोर्ट्स से जुड़े हुए हैं। वे पैसे काट रहे हैं, तो उधर भी थोड़ा ठाकुरपन दिखाना पड़ेगा। कभी-कभी अंदर वालों को भी वह दिखाना जरूरी होता है।

माननीय महोदय, यहां पर कहा गया कि मंडी बंद नहीं होगी। मैं कहना चाहता हूं कि क्यों बंद होगी। एक काला कानून आने की वजह से जो एपीएमसीज़ चलती हैं, वे किसके ऊपर चलती

हैं, आप कहीं पर भी सामान बेचो, एपीएमसी का टैक्स भरना पड़ता है। इससे मंडी चलती है। आप इस काले कानून में लाए हो - ऑनलाइन और मंडी के बाहर भी सामान बेचेगा, APMC का सेस उसको नहीं मिलेगा - आप मुझे बताओ कि APMC कैसे जिंदा रहेगी, जिसके पास और कोई चारा ही नहीं है। एक किसान को मत समझो आप - वह कुदरत का दिमाग भी पहचान लेता है, तो तुम्हारा काला कानून कैसे भूल पाएगा, वह जरूर पहचान लेता है। यह मत कहो कि उसने कानून को समझा नहीं है। यह कहो कि हमारे कानूनों को किसान अच्छी तरह से समझ चुके हैं, इसलिए वे आंदोलित हुए हैं, इसलिए वे ध्यान दे रहे हैं, इसलिए वे आपके खिलाफ लड़ रहे हैं।

महोदय, इसका जिक्र हुआ कि ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट टीम जीतकर आई। हमें भी खुशी है, इतिहास रच दिया, हमारी क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई, परन्तु ट्वीट करने वाले और बजट में रखने वाले वही नेता इतना बोल देते कि वह क्रिकेट टीम इतिहास इसलिए रचकर आई क्योंकि बेस्ट परफॉर्मर चार हिन्दुस्तानी क्रिकेटर्स में एक सिख था, एक मुसलमान था, एक हिन्दू था और चौथा ईसाई था। ये एक-साथ टीम बनकर लड़े थे, तब हम जीतकर आए थे और जिसको ये तोड़ने की बात करते हैं ...(**व्यवधान**).... इन दिलों को जो तोड़ने की बात करते हैं, उनको यह समझना होगा कि इससे कोई फायदा नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: ये सब हिन्दुस्तानी हैं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please maintain silence. ...(Interruptions)...Please maintain silence. ...(Interruptions)...Please maintain silence. अनुराग जी, आप बैठ जाइए। जया जी, आप बैठ जाइए। ....(**व्यवधान**)... अनुराग जी, आप बैठ जाइए। ....(**व्यवधान**)...

श्री शक्तिसिंह गोहिल: उपसभाध्यक्ष महोदय, जब सच कहा जाता है, तो मिर्ची लगती है।...(**व्यवधान**)...महोदय, सच सुनने की तैयारी रखनी चाहिए। हमने भी मंत्री जी को सुना था। ....(**व्यवधान**)... थोड़ी-थोड़ी मिर्ची लगती है और वह जरूरी है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): गोहिल जी की बात रिकॉर्ड पर जा रही है। Nothing else is going on record. Please, let us maintain decorum.

श्री शक्तिसिंह गोहिल: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने इसी हाउस में सुना कि सच सुनने की तैयारी रखनी चाहिए। सच सुनने से मोक्ष मिलता है, तो मैं उसी लाइन को दोहराते हुए अपनी बात को आगे बढ़ाता हूं। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष महोदय, 2011 में आज के प्रधान मंत्री गुजरात के मुख्य मंत्री थे। डा. मनमोहन सिंह जी निष्ठावान, प्रामाणिक आदमी हैं, वे यहां बैठे हैं, वे उस समय प्रधान मंत्री थे। उन्होंने विरोधी दल के एक चीफ मिनिस्टर को कमेटी की जिम्मेदारी दी और उस कमेटी ने 2011 में एक रिपोर्ट सब्मिट की और उसमें लिखा कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस कानून नहीं बनेगा, तो किसान को फायदा नहीं है - MSP कानून होना चाहिए, यह मोदी जी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कहा था । आज आप उस बात को भूल गए और आप डा. मनमोहन सिंह जी को

क्वोट करते हैं, आप शरद पवार जी को क्वोट करते हैं, out of context क्वोट करते है! उनकी सही बात मानो तो उन्होंने कहा था कि जरूर ये चीज़ होगी, परन्तु उसके साथ-साथ किसानों की सुरक्षा वाले कानून की बात थी, उसमें से दो प्वाइंट उठाकर कांग्रेस के मेनिफेस्टो की बात करो, तो उसमें भी हमने किसान की सुरक्षा पूरी तरह से रखी थी। मेरी पार्टी के साथी को ज्यादा टाइम मिले, इसलिए मैं लम्बी बात नहीं करते हुए, आखिरी चार पंक्तियां बोलकर, मैं अपनी बात खत्म करता हूं और मेरा बचा हुआ वक्त मेरी पार्टी के साथी को मिले, इसलिए मैं छोड़ता हूं।

"किसान अपने ढेरों दुखों का दुखड़ा,
सरकार आपके द्वार फोड़ता है,
मजदूर अभी भी पत्थर तोड़ता है,
पूंजीपति आपके साथ दौड़ता है, मज़े करता है,
रह गये वो जो मेरे भारत का नारा लगाते हैं,
रह गए वो जो कहते हैं "जय जवान-जय किसान",
उसे आप कहते हो तेरे लिए कुछ नहीं,
तुम तो दाल-रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ,
आत्मनिर्भर इनके पाले नहीं पड़ता।"

धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष: श्री भूपेन्द्र यादव जी।

श्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान)**:** सम्माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह एक संजोग है कि पिछले वर्ष, जब बजट आया और सरकार ने इसको संसद में प्रस्तुत किया, तब उसके तुरंत बाद ही देश में लॉकडाउन लागू हुआ और हम एक वैश्विक महामारी के संकट में उलझ गए। हम पूरे एक वर्ष एक चुनौती से उलझे रहे, लेकिन मैं बधाई देना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने न केवल इस संकट से निर्मित लड़ाई को जीता, बल्कि देश के लिए आत्मनिर्भर भारत की नई संभावनाओं के द्वार भी खोले। हमने आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद खड़ी की, इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय वित्त राज्य मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा कि इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में भी वे देश के लिए आशाओं का एक बजट लेकर आए हैं, जो आज सदन में हमारे सामने चर्चा के लिए प्रस्तुत है।

उपसभाध्यक्ष जी, जब हम पूरे एक वर्ष के कोविड संकट के समय पर विचार करते हैं, तो मुझे ऐसा लगता है कि इस देश के सामने कुछ प्रमुख चुनौतियाँ रहीं, जिनका समाधान इस बजट को देखने और इस सरकार की दृष्टि को देखने में नज़र आता है। जो पहली चुनौती रही, वह कोविड-19 से अचानक पैदा हुए ठहराव से जीवन और जीवनयापन की चुनौती थी। लॉकडाउन लागू होने के 48 घंटे के अंदर ही - जब तक लॉकडाउन चला, तब तक देश के 80 करोड़ लोगों को, चाहे मुफ्त राशन पहुंचाना हो, चाहे देश की 8 करोड़ महिलाओं को "उज्ज्वला" की सब्सिडी और गैस पहुंचानी हो, चाहे देश के 40 करोड़ किसानों, महिलाओं, बुज़ुर्गों, गरीबों, जरूरतमंद लोगों को सीधे नगद धनराशि उपलब्ध करानी हो, यह सरकार "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना" के माध्यम से उनमें कामयाब रही है। इतना ही नहीं, लॉकडाउन के इस कार्यकाल में

"आत्मनिर्भर भारत" के पैकेज - 1.0, 2.0, 3.0 में रिज़र्व बैंक द्वारा जो उपाय किए गए, यह सरकार देश के कुल वित्तीय प्रभाव के 27.1 लाख करोड़ रुपये, जो हमारी जीडीपी के 13 परसेंट होते हैं, उनको देने में कामयाब रही है।

महोदय, कोविड-19 के बाद जो दूसरी बड़ी चुनौती रही, वह स्वास्थ्य का क्षेत्र रहा है। हम सब जानते हैं कि जान है तो जहान है। आप दुनिया में जीडीपी को तो वापस रिकवर कर सकते हैं, लेकिन ज़िंदगी को वापस रिकवर नहीं कर सकते। हम लोग न केवल स्वास्थ्य के संकट से उबरे हैं, बल्कि हमने इस क्षेत्र में एक नई दिशा और पहल भी की है। महोदय, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 137 प्रतिशत बजट की बढ़ोतरी की गई है। इसमें 2 लाख, 38 हज़ार करोड़ रुपये के प्रावधान किए गए हैं। मैं यहाँ पर यह कहना चाहूंगा कि 1946 की भोरे कमेटी की स्वास्थ्य की जो सिफारिशें थीं, उनके आधार पर आप देश को 50-60 साल तक तीन स्तर की मेडिकल सुविधाओं के साथ चलाते रहे, लेकिन यह जो आप पूरे 50-60 साल तक स्वास्थ्य के क्षेत्र को चलाते रहे, उससे वास्तव में यह स्थिति उत्पन्न हुई कि देश की जो तीन-चौथाई आबादी रही, वह out of pocket health expenditure पर चली गई। हम health को नीचे तक, जहाँ तक लोगों को पहुंचाना था, वहाँ तक पहुंचाने की सुविधा नहीं दे पाए। सरकार में आने के बाद "आयुष्मान् भारत योजना" को, "नेशनल हेल्थ मिशन" को आगे बढ़ाया गया। इस बजट के द्वारा हेल्थ में अगर कोई सबसे बड़ी चीज़ की गई, तो वह स्वास्थ्य के क्षेत्र के अंतर्गत केवल curative नहीं, बल्कि जो preventive and reformative steps हैं, जो देश के स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, उनको भी इस बजट में शामिल किया गया।

महोदय, राम गोपाल जी जो यहाँ कह रहे थे और जयराम जी का भी जो इशारा था वह यही था - किस प्रकार से? आज तक Public Policy में जो health का issue है, उसमें जो public goods हैं, जब मैं बात करता हूँ preventive की, जब मैं बात करता हूँ reformative की, तो preventive का अर्थ है कि एक सामान्य व्यक्ति की यह ताकत नहीं होती कि वह air pollution को, कचरे को, हवा को, साफ पानी को, जो कि किसी भी देश की स्वास्थ्य की पॉलिसी की बुनियाद है, उसको कोई individual व्यक्ति किसी प्रकार से control नहीं कर सकता। वह हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। इसलिए बजट में हमने 137 परसेंट स्वास्थ्य में खर्च किया है, तो वह स्वास्थ्य के साथ wellness भी है। इस देश की स्वास्थ्य सेवाओं में इस देश की health और wellness को मिला कर सरकार ने जो बजट को आगे बढ़ाने का काम किया है, इससे मुझे लगता है कि बजट ने यह बुनियाद रखी है कि आने वाले समय की हमारी Public Policy में health में public goods को सुधारने का जो काम है, उस तरफ इस सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। कभी-कभी हम एक अच्छे वकील होने के नाते आँकड़ों को इस प्रकार से पढ़ देते हैं कि कई बार ऐसा लगने लगता है कि हम एक अच्छे विषय को भी इस प्रकार से आँकड़ों में घेरते हैं कि हमें लगता है कि हम लोग किसी विषय के प्रति भ्रम पैदा करने की कोशिश करते हैं। कल चिदम्बरम साहब बोल रहे थे, मैं उनके एक विषय को यहाँ quote करना चाहूँगा। For health, in the current year, the Revised Estimate is Rs.82,445 crores and for the next year, it is only Rs.74,602 crores. अगर आप आँकड़ों को देखेंगे और निश्चित रूप से अगर expenditure के major items को देखेंगे, तो यह दिखता है कि जो संशोधित अनुमान है, Revised Estimate है, वह 82,445 करोड़ है, पर सरकार ने पिछली बार जो बजट अनुमान रखा था, वह 67,484 करोड़ था। उसके बाद हम

pandemic में गए और उसमें जाने के बाद जो health में extra खर्च करना था, वह खर्च सरकार ने किया और अब सरकार ने वह जो 67 हजार करोड़ पिछली बार रखा था, उसको बढ़ा कर 74,602 करोड़ किया है। Actual में हम यह नहीं मान सकते कि यह pandemic लंबी रहेगी, चलती रहेगी। आज देश में कोरोना के आने के बाद चाहे वेंटिलेटर्स की संख्या हो, चाहे tests की laboratories की संख्या हो, चाहे testing facility का विषय हो, हमने सबको बढ़ाया है। अब हम general condition में जाने लगे हैं। सरकार ने 35 हजार करोड़ अलग से टीकाकरण के लिए रखा है। इसलिए आँकड़ों को इस प्रकार से पढ़ देना और यह कह देना कि सरकार ने health expenditure में पैसा कम कर दिया है, मुझे लगता है कि यह एक किस्म से बौद्धिक ईमानदारी नहीं है।

महोदय, इस पूरे कोरोना के काल में जो तीसरी सबसे बड़ी चुनौती रही और जिसको लेकर बजट में सरकार एक नई नीति के साथ आई है, हम सब जानते हैं कि कोरोना में health के क्षेत्र में जो एक सबसे बड़ा प्रभाव पड़ा, वह यह है कि infrastructure पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। कामगारों के लिए रोजगार का विषय, वह एक बड़ा संकट खड़ा हुआ। मैं सरकार को बधाई देना चाहूँगा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के 1.0, 2.0 और 3.0 पैकेज से आगे बढ़ कर सरकार ने बजट में 5.4 लाख करोड़ का पैकेज देकर 37 परसेंट की वृद्धि की है। इससे देश में आशा और विश्वास का वातावरण बना है।

महोदय, सरकार के सामने जो चौथा सबसे बड़ा संकट था, जिसका समाधान बजट में सरकार अपने इस दृष्टि-पत्र में लेकर आई है, वह देश का औद्योगिक उत्पादन बढ़ाना है। MSME से जुड़े कारोबारियों को नई ताकत प्रदान करना और मजदूरों का संरक्षण करना, यह सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। हम जानते हैं कि इस पूरे कार्यकाल के दौरान सरकार Four Labour Codes लेकर आई। हम लोगों के देश में लगभग 20 वर्षों से यह माँग चल रही थी कि Labour Codes का सरलीकरण किया जाए। मजदूरों के क्षेत्र में ऐसे बहुत सारे विषय थे, उनमें सभी को सामाजिक सुरक्षा देने का विषय था, महिला-पुरुष को समान वेतन देने का विषय था, महिलाओं को रात्रि की पाली में भी काम करने का अवसर देना था, single registration का सिस्टम करना था, लाइसेंस में सरलीकरण करना था, रिटर्न ऑनलाइन करना था। आज जो हम चारों Labour Codes लेकर आए हैं, चाहे वह Industrial Relation का हो, चाहे वह Occupational Safety का हो, चाहे वह Social Security का हो, चाहे वह Payment of Wages का हो ... इन चारों Labour Codes के माध्यम से कामगारों को संरक्षण देने के साथ-साथ देश के औद्योगिक वातावरण को आगे बढ़ाने का काम इस सरकार ने किया है। व्यापार के क्षेत्र में छोटे करदाताओं को मुकदमेबाज़ी से बचाने के लिए इस बजट में कर विभाग की एक समिति का अच्छा प्रपोज़ल आया है। सरकार ने Faceless ITAT का गठन किया और साथ ही 75 साल से ऊपर के लोगों को करों में रियायत की सुविधा दी। आवास बनाने के लिए गरीब लोगों को किफायती आवास परियोजनाओं में इस सरकार में विशेष exemption दिया गया है। 2022 तक हर परिवार को छत देने का जो संकल्प हमने लिया है, उसको पूरा करने का काम इस बजट के माध्यम से किया गया है। इसके साथ ही साथ दुनिया भर से भारत में निवेश आए, इसके लिए 'अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र' के निवेश को सरकार ने छूट दी है। इस बजट में सरकार ने Company Law का criminalization रोकने के माध्यम से 'Ease of Doing Business' को आगे बढ़ाने का काम किया है।

महोदय, पाँचवीं जो सबसे बड़ी चुनौती सरकार के सामने है, वह है, हमारा बैंकिंग और विनिवेश। हमारे बिनोय विस्वम जी यहां पर पब्लिक सेक्टर का विषय रख रहे थे, मैं उनको बताना चाहता हूं कि देश के पब्लिक सेक्टर के सम्बन्ध में, जिसको हम Nehruvian model भी कहते हैं, चौधरी चरण सिंह जी की क्या राय थी? दीपेन्द्र भाई, चौधरी साहब ने 1980 में एक पुस्तक लिखी थी, उस पुस्तक का नाम था, 'Economic Nightmare of India – Its Cause and Cure'. उसमें चौधरी साहब ने public undertakings के लिए जो कहा है, उसको मैं पढ़ना चाहता हूं। उन्होंने कहा, "The poor performance of public sector enterprises is attributable to over-capitalization, delays in completion of major projects, under-utilization of capacity and, above all, to mismanagement and corruption." उन्होंने 1980 में आपको चेतावनी दी थी, लेकिन आपने 70 साल तक ये सफेद हाथी खड़े करके रखे। आगे उन्होंने जो कहा, वह भी मैं पढ़ना चाहता हूं। उन्होंने कहा, "Had the public sector undertakings been private concerns, they would have, on the one hand, yielded a tax of hundred of crores per year to the Government, and, on the other, a profit of hundreds of crores to the proprietors or shareholders. On the contrary, the public has had to pay, and is even now paying crores of rupees to meet losses almost every year, in a way, in obeisance to these monuments of their Government's folly -- 'modern temples of India', as Jawaharhal Nehru once called them." ...(Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Let's keep silence in the House, please.

श्री भूपेन्द्र यादव : लम्बे समय तक हम लोग पब्लिक सेक्टर की उन यूनिट्स को ,जो यूनिट्स लगातार घाटे में जाती रहीं और जिन यूनिट्स के माध्यम से रोज़गार का सृजन तो नहीं हुआ , बल्कि उनके उस घाटे को सरकार बरदाश्त करती रही। किसानों की बात करने वाले और किसानों के विषय को रखने वाले इन लोगों ने कभी भी स्वयं किसान नेताओं की बातों को ध्यान से सुना ही नहीं। कांग्रेस का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह रहा कि चाहे लोहिया जी रहे हों ,चाहे चौधरी चरण सिंह जी रहे हों ,चाहे दीनदयाल उपाध्याय जी रहे हों ,भारत की जड़ों से जुड़े हुए इन लोगों की अच्छी बातों को आपने इग्नोर करने का काम किया है। आज इस सर्वस्पर्शी बजट को लाकर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन सब विषयों को छूने का काम किया है। मैं इस सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने बैंकों को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक अच्छा कदम उठाया है। वित्त मंत्री जी ने *SEBI Act, Depositories Act, Securities Regulation Act और Government Securities Act में Single Securities Code* बनाने की जो बात कही है ,मुझे लगता है हम जो *'Minimum Government' और 'Maximum Governance'* की बात कहते हैं ,उस दिशा में यह एक बहुत मज़बूत कदम है। आज निवेश के लिए इन *Acts* को मिलाकर एक सरलीकृत *Code* बना कर बहुत बड़ा काम किया गया है।

महोदय ,हम सब जानते हैं कि *infrastructure sector* में जो *banking* का निवेश रहता है , उसमें कई बार *maturity mismatch* का प्रश्न आता है। इस सरकार ने *corporate bond market* में विश्वास पैदा करने के लिए स्थायी संस्थान बनाने का जो *framework* इस बजट में दिया है ,वह एक स्वागत योग्य कदम है। इस पूरे बजट के अंतर्गत भारत की जो सबसे मज़बूत रीढ़ है ,जो भारत का ग्रामीण क्षेत्र है ,भारत का कृषि क्षेत्र है ,उन सबको सर्वाधिक महत्व दिया है। ग्रामीण क्षेत्र की जो अवसंरचना है ,जो *infrastructure* है ,उसको सुधारने के लिए पिछले छ :साल में सरकार के द्वारा बहुत बड़े-बड़े कदम उठाए गए हैं।

चाहे ग्रामीण क्षेत्रों में 'प्रधानमंत्री सड़क योजना' को पहुंचाने का विषय हो, चाहे हर गांव को बिजली पहुंचाने का विषय हो, चाहे हर गांव में पक्के मकान देने का विषय हो, चाहे हर गांव तक 'उज्ज्वला योजना' पहुंचाने का विषय हो, यह सरकार दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने में कामयाब रही है। इसलिए इस बजट के अंतर्गत भी जो 'माइक्रो सिंचाई परियोजना' है, कृषि ऋण के लिए जो 16.5 लाख करोड़ रुपये सरकार के द्वारा रखे गये हैं, किसानों की 'फसल बीमा योजना' है और पूर्व में सरकार के द्वारा जो 'किसान सम्मान निधि' को लागू करने का काम किया है, इस बजट के द्वारा उन स्वागत योग्य विषयों को भी बढ़ाया गया है। इतना ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्र में, चाहे डेयरी का विषय हो, मत्स्य पालन का विषय हो, पशुपालन का विषय हो या हॉर्टिकल्चर का विषय हो, सब विषयों का इस बजट के माध्यम से विशेष ध्यान रखा गया है।

महोदय, मैं यहां यह कहना चाहूंगा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए आज तीन सबसे बड़ी समस्याएं किसानों के सामने हैं। उनका उत्पादन बढ़े, उनका भंडारण बढ़े और उसका प्रसंस्करण हो, ये तीनों चीज़ें ऐसी हैं, जिनमें आज किसानों को हमें एक नया कानून देने की आवश्यकता है। ये तीनों चीज़ें ऐसी हैं, जहां ग्रामीण क्षेत्रों तक हम इन्फ्रास्ट्रक्चर की सारी सुविधाओं को पहुंचाने के बाद यदि इन तीनों विषयों को हम आगे बढ़ाने का काम करेंगे, तो देश और गांवों में समृद्धि आ सकती है।

आज सरकार जो तीन कृषि बिल लेकर आई है, उनमें इन तीन विषयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में एक नये जीवन की आशा का संचार हुआ है और इसलिए यह सरकार बड़े खुले मन के साथ आज किसानों के साथ बातचीत करने के लिए भी तैयार है, सरकार के द्वारा उन्हें आमंत्रण भी दिया गया है। सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को आगे बढ़ाकर भारत की जो मज़बूत अर्थव्यवस्था है, उसे आगे बढ़ाने का काम किया गया है। इसलिए महोदय, मैं अपने विषय को समाप्त करते हुए यही कहना चाहूंगा कि इस बजट के माध्यम से, जो पांचों चुनौतियां कोरोना के माध्यम से हमारे सामने आईं, कोविड-19 के कारण जो जीवन में ठहराव आया, जो हैल्थ सेक्टर में चुनौतियां आईं, जो कारोबारियों को चुनौतियां आईं, जो इन्फ्रास्ट्रक्चर में चुनौतियां आईं, जो बैंकिंग क्षेत्र में विनिवेश की जरूरत थी और कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने की जरूरत थी, उन सब आयामों को, सभी पक्षों को इस बजट में शामिल किया गया है। माननीय वित्त मंत्री जी और वित्त राज्य मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, दोनों बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने सभी विषयों को छुआ है और निश्चित रूप से यह बजट बताता है कि देश माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की तरफ बढ़ चुका है और हम 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को जल्दी प्राप्त करेंगे, जय हिन्द, जय भारत।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, we have the hon. former Prime Minister, hon. Member, Shri H.D. Devegowda. Sir, you have ten minutes.

SHRI H.D. DEVEGOWDA (Karnataka): Sir, there was some mistake committed by me. When the hon. Chairman called out my name, I had gone home. I do not wish to spell out the reason for which I went home. Despite the mistake committed by me, I have been permitted to speak, for which I am grateful to the Chair. Sir, I do not wish to encroach upon the time allotted and I would try my best to conclude my speech within the time given to me.

Sir, I would like to compliment the Government on the Budget presented for 2021. Madam Nirmala Sitharaman*ji* has done her best, along with her colleagues and senior officers, to find resources to deal with problems caused by the Covid-19 pandemic. It was one of the biggest blows to our country, though it has been managed well by the hon. Prime Minister to bring down the level of deaths in the country. It is one of the worst diseases to have hit the entire world. I do not wish to speak much on this issue and I come straight to the point.

Sir, one of the key takeaways of this Government's Budget post the battering received due to Covid-19 was in tackling a GDP that shrunk for the first time in two decades, highest unemployment levels in the last 50 years and a severely distressed banking sector. The Government has earmarked infrastructure and healthcare spending to spur economic activities.

MGNREGS, which proved to be one of the saving graces of our country's economy, creating employment through the pandemic, it is a surprise the Budget cuts this spending by 34.5 percent, especially when the economy is still reeling under the prevailing conditions. Additionally, the Government did little after axing the main safety net for rural India's employment, especially after failing to deliver on the May 2020 stimulus package. Overall, structural decline caused in India's economy since demonetization and the multi-decade high unemployment ratio cannot be reversed so quickly. CMIE data shows India is experiencing a substantial increase in employable workers opting out of the labour force. Labour participation ratio, which is the percentage of people looking for jobs in the total employable work force of about one billion, is now down to 44 per cent, whereas this ratio ranges from 60 per cent to 66 per cent in other comparable developing economies in East Asia. The lack of jobs is forcing urban migration from rural areas, and lack of affordability means these people end up squatting on Government land for decades.

Many of the Governments legitimized majority of these dwellings after

unsuccessful attempts. The Budget does not make a provision for such even after witnessing the rate of spread of COVID 19 in vulnerable areas. The Government should take initiatives to encourage slum rehabilitation both privately and within Government purview and make such an opportunity to seem like less of an onerous cost and more like a social impact investment opportunity.

The general direction of the Budget points to withdrawal of support from agriculture as a sector while a historic farmer movement is under way. The Budget slashed some major farm reforms such as PM-Kisan Yojana (a cash support scheme) and reduced interest subsidy on short-term crop loans, on the pretext of ensuring MSPs and infrastructure spending in the sector, which has seen an enormously sluggish rollout.

Undesirably, Market Intervention Scheme and Price Support Scheme (MIS-PSS) and Pradhan Mantri Annadata Aay Samrakshan Yojana (PM-AASHA), the two schemes that ensure the implementation of MSP, have seen a continuous reduction in the last 2 years. The funding for MIS-PSS was reduced to Rs. 1500 crores, half of funding available for 2019-20, and allocation for PM-AASHA came down to Rs. 400 crore from Rs. 1500 crore previously.

Certain private companies have outperformed their divestment targets. There is a definite 'need if not hope' this time around to pursue divestment objectives, as our country is in a tight spot fiscally. There are structural problems we need to overcome over the next few years. The IMF estimates that it will take up to 3 years to return to pre-COVID levels of output. There are many factors that contribute to stable economic growth but divisive social policy is certainly not one of them.

The move towards divesting ownership in strategic sectors will have long-term consequences and a potentially precarious one. Privatization does not always lead to greater competition in every case. So far, some of the public monopolies have become private monopolies.

The proposal to create an agricultural investment fund is a welcome step, but definite provisions for the agricultural investment should have been made.

The timing of the sale of public sector assets does not seem to be correct. The economy is not performing at its best and industrial asset prices are likely to be undervalued. Therefore, why should the Government, even if one assumes privatization is the best option, sell assets now? They should have waited until the economy recovered.

The major deficiency responsible for all the farmers' problems in India is the lack of data on how much to produce to meet country's domestic requirement of food and other farm produces, opportunity for storage, Value Addition Processing (VAP)

and export which needs constant revision. Our country has 127 Agro-climatic Zones and each zone is unique in terms of total annual rainfall, soil type, temperature, wind and other climatic features.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, please conclude.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Sir, I am concluding. I will take only one or two minutes. Undertaking farm enterprises, keeping Agro-climatic Zones in view, will help to realise increased productivity and also quality. Introduction of incentives and disincentives will regulate area and production over the period. This process will facilitate to provide assured price to all the farm produces and minimise huge wastages going on over the period. What is happening in sugarcane, tomato, onion, potato etc., over the years is mainly due to above factor.

Now, I will say only one word about Karnataka. Hon. Railway Minister has included Belur-Hassan-Chickmagalur. It is one of the loop lines to connect Mysore-Hassan railway line to Chickmagalur directly. In the Railway Pink Book, they have provided only Rs.1,000 for this project. I don't want to blame anyone. I know the financial situation, but I am only requesting about early completion of this one project about which I was struggling even in the other House. Provision is made in the Pink Book. I request the hon. Railway Minister, through you, Sir, to see that this project gets completed, at least, during my lifetime.

I could mention various things even on irrigation. The Upper Krishna Project has not been completed, though it was being funded by the Central Government during my regime and the Accelerated Irrigation Programme, which I had launched at that time. Sir, I demand, I request, I pray that the Upper Krishna Project should be taken over as a national project and the Government should see to it that it is completed as quickly as possible. With these words, I would like to express my sincerest thanks to the hon. Chairman. Thank you, Sir.

12.00 Noon

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Next speaker is Shri Sanjay Singh. Sanjay ji, you have seven minutes.

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): मान्यवर, आपने मुझे बजट पर अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मान्यवर, मैं अपनी बात अदम गोंडवी जी की लाइनों से शुरू करना चाहूँगा -

"जो 'डलहौजी' न कर पाया वो ये हुक्काम कर देंगे।
कमीशन दो तो हिन्दुस्तान को नीलाम कर देंगे।"

मान्यवर, यह बजट हिन्दुस्तान को नीलाम करने का, देश को बेचने का, देश की संपत्तियों को बेचने का बजट है। यह बात मैं क्यों कह रहा हूँ? इस देश की संपत्तियाँ किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं, बल्कि इस देश की संपत्तियाँ हिन्दुस्तान के 130 करोड़ लोगों की संपत्तियाँ हैं। यह रेल, यह सेल, यह बीपीसीएल, यह एलआईसी, ये बैंक, ये एयरपोर्ट, ये किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं, बल्कि हिन्दुस्तान के 130 करोड़ लोगों ने अपने श्रम से, अपने परिश्रम से इन कंपनियों को, इन संपत्तियों को बनाने का काम किया है। वे लोग सपूत कहलाते हैं, जो संपत्तियों को बढ़ाते हैं और वे लोग कपूत कहलाते हैं, जो संपत्तियों को बेचने का काम करते हैं। सर, इस देश के अंदर कपूत सरकार चल रही है। ...(**व्यवधान**)... देश को बेचने का काम कर रही है, देश की संपत्तियों को बेचने का काम कर रही है। ...(**व्यवधान**)...

मान्यवर, इस सदन के अंदर देश के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)... उन किसानों का, जो पिछले 75 दिनों से आंदोलन पर हैं। ...(**व्यवधान**)... 170 लोगों की शहादत हो चुकी है। ...(**व्यवधान**)... उनका आंदोलनजीवी कहकर मजाक उड़ाया गया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Members, please keep silence.

श्री संजय सिंह : जब आपने आंदोलनकारियों का मजाक उड़ाया, तो सत्ता में बैठे हुए सुन लीजिए, आपने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का मजाक उड़ाया। आपने सरदार वल्लभभाई पटेल का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)... आपने डा. राममनोहर लोहिया जी का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Let us keep the decorum. Please keep silence.

श्री संजय सिंह : आपने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)... आपने शहीद अशफ़ाक़ुल्लाह ख़ाँ का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)... आपने हिन्दुस्तान के क्रांतिकारियों का, हिन्दुस्तान के उन महान सपूतों का मजाक उड़ाया। ...(**व्यवधान**)... बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडर का मजाक उड़ाया, जिन्होंने हमें यह संविधान दिया। ...(**व्यवधान**)... हमें यह लोकतंत्र दिया। ...(**व्यवधान**)... हमें यह संसद दी। ...(**व्यवधान**)... आपने उनका मजाक उड़ाने का काम किया। ...(**व्यवधान**)... सत्ता में बैठे हुए लोगो, ज़रा सुनना सीखिए। ...(**व्यवधान**)... हमें फख्र है अपने उन क्रांतिकारियों पर, अपने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर, अपने उन आंदोलनकारियों पर कि वे अंग्रेज़ों के दलाल नहीं थे। ...(**व्यवधान**)... वे अंग्रेज़ों से

माफी नहीं माँगते थे। ...(**व्यवधान**)... अंग्रेज़ों से दलाली नहीं करते थे। ...(**व्यवधान**)... अंग्रेज़ों की गुलामी नहीं करते थे। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Let us keep the decorum. Please keep silence.

श्री संजय सिंह : और जिस विचारधारा के लोग अंग्रेज़ों की गुलामी करते हैं, अंग्रेज़ों की दलाली करते हैं, अंग्रेज़ों से माफी माँगते हैं, वे आज आंदोलनकारियों का मजाक उड़ा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, 170 लोग अपने खेत के लिए मर गए। ...(**व्यवधान**)... 170 लोग अपने खेत को बचाने के लिए मर गए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : संजय जी की बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। Nothing else will go on record.

श्री संजय सिंह : उनकी जान चली गई। ...(**व्यवधान**)... उनकी शहादत हो गई और आप यहाँ उठकर उनका मजाक उड़ा रहे हैं, उन्हें आंदोलनजीवी कह रहे हैं! ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, यहाँ पर चौधरी चरण सिंह जी का नाम लिया गया है। ...(**व्यवधान**)... सत्ता के लोगो, अपने कान खोलकर सुनो। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Nothing is going on record apart from what Sanjay ji is saying.

श्री संजय सिंह : आप पहले अपने कान खोलकर सुनिए। ...(**व्यवधान**)... यहाँ पर चौधरी चरण सिंह जी का नाम लिया गया। चौधरी चरण सिंह जी के अनुयायी वहाँ पर बैठे हैं, जिन्हें आप खून के आंसू रुला रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप उन्हें खून के आंसू रुला रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... वे भाषणजीवी नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. MURALEEDHARAN): Sir, I have a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay ji, there is a point of order.

श्री संजय सिंह : वे भाषणजीवी नहीं हैं। वे जुमलाजीवी नहीं है। हाँ, वे आंदोलनजीवी हैं। ...(**व्यवधान**)... इस देश की जनता...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay ji, there is a point of order. Sanjay ji, there is a point of order. I have to allow that. ...(*Interruptions*)... संजय जी, मुझे प्वाइंट ऑफ ऑर्डर एलाउ करना है।...(व्यवधान)...

SHRI V. MURALEEDHARAN: Sir, my point of order is under Rule 240. Rule 240 says that any Member, who speaks in a discussion should not speak irrelevant thing. Sir, this is a discussion on Budget. ...(*Interruptions*)...

श्री संजय सिंह : सर, यहाँ पर बंगाल हिंसा बोली गई।...(**व्यवधान**)... यहाँ पर बंगाल हिंसा बोली गई और ममता बनर्जी जी का नाम लिया गया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay ji, let him talk. उन्हें खत्म करने दीजिए। Sanjay ji, I will allow you to speak. उन्हें खत्म करने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंह : कैसी बात कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... कैसी बात कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... इनको कैसे रोकना है? ...(**व्यवधान**)... यहाँ * चलेगी? ...(**व्यवधान**)... इन सदन के अंदर * चलेगी? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay ji, I will allow you to speak. आप एक मिनट रुकिए। ...(**व्यवधान**)... संजय जी, वे खत्म कर दें। ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंह : यहाँ * चला रहे हैं।...**(व्यवधान)**...

SHRI V. MURALEEDHARAN: Sir, Rule 240 says that when an hon. Member speaks, he should not speak irrelevant things and things which are not related to the subject of discussion. ...(*Interruptions*)...

श्री संजय सिंह : यहाँ बंगाल हिंसा का नाम क्यों लिया गया? ...(व्यवधान)...यहाँ पर ममता बनर्जी का नाम कैसे लिया गया? ...(व्यवधान)...

SHRI V. MURALEEDHARAN: This discussion is on the Budget. ...(*Interruptions*)... This is related to some other discussion. So, the discussion should be on the Budget.

श्री संजय सिंह : सर, अब मैं किसान की बात करता हूँ।...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay *ji*, Please continue....(*Interruptions*)...

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): Sir, what is this? He is not ...(*interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Jaya *ji*, please take your seat. ...(*Interruptions*)... I am allowing him to continue. ...(*Interruptions*)... Sanjay *ji*, please continue.

श्री संजय सिंह : सर, मुझे समझ में नहीं आता, मैं बहुत परेशान हो जाता हूँ। मैं कहता हूँ - अंग्रेज़ों का दलाल, बुरा इनको लग जाता है। ये क्या है, सर? मैं कहता हूँ - अंग्रेज़ों से माफी माँगने वाले, बुरा इनको लग जाता है। मैं कहता हूँ - अंग्रेज़ों के गुलाम, बुरा इनको लग जाता है। क्यों बुरा लगता है, सर? क्यों बुरा लगता है? ...(**व्यवधान**)...सच को सुनो। मान्यवर, यहाँ पर ऑनरेबल मेम्बर, भूपेन्द्र जी के द्वारा कहा गया कि चौधरी चरण सिंह जी को याद कर लीजिए, डा. लोहिया को याद कर लीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay *ji*, Please start concluding.

श्री संजय सिंह : हमको याद हैं - डा. लोहिया भी, चौधरी चरण सिंह जी भी, आप उनका मज़ाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने आंदोलन से इस देश को आज़ाद कराया, हमें संविधान दिया, हमें संसद दी, हमें लोकतंत्र दिया, हमें यहाँ बोलने की आज़ादी दी। यहाँ पर प्रधान मंत्री जी अगर आए हैं, तो उन्हीं लोगों के बलिदान की बदौलत आए हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay *ji*, please conclude. Your time is over.

श्री संजय सिंह : मैं अब कन्क्लूड कर रहा हूँ, सर। आप उनको इतना तो याद कर लो! इसीलिए बीएमएस, भारतीय मज़दूर संघ, जो आपका है। आपने चौधरी चरण सिंह को क्वोट किया, आप बीएमएस को पढ़िए, आप स्वदेशी जागरण मंच को पढ़िए। आपके संगठन खुद कहते हैं कि आप लोग देश को बेच रहे हो और क्या-क्या बेच रहे हो?

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : संजय जी, कन्क्लूड करें प्लीज़।

श्री संजय सिंह : रेल बेच रहे हो, SAIL बेच रहे हो, खेल बेच रहे हो, कोल बेच रहे हो, एलआईसी बेच रहे हो, बैंक बेच रहे हो, एयरपोर्ट बेच रहे हो, पोर्ट बेच रहे हो, एफसीआई बेच रहे

हो, बिजली बेच रहे हो, पानी बेच रहे हो, सड़क बेच रहे हो, बीपीसीएल बेच रहे हो, पूरा हिन्दुस्तान बेच रहे हो। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay*ji*, time is over. अब आप 30 सेकंड में कन्क्लूड करें।

श्री संजय सिंह : पूरा हिन्दुस्तान बेच दिया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude. I will have to move to the next speaker. ...(*Interruptions*)...

श्री संजय सिंह : सर, ये बोलने नहीं देते। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : संजय जी, आप कन्क्लूड करें।...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंह : वहाँ किसान को बोलने नहीं देते, यहाँ मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट को बोलने नहीं देते। यह सदन का अपमान है, सर। हम लोग कोई बच्चे नहीं हैं। इन लोगों से ज्यादा राजनीति करके आए हैं, लाठी खाकर, जेल जाकर आए हैं। यहाँ * मत दिखाओ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay *ji*, please conclude. I will have to go to the next speaker.

श्री संजय सिंह : मैं खूब बोलूँगा और बार-बार बोलूँगा, धन्यवाद।

श्री मनसुख एल. मांडविया : *

श्री संजय सिंह : *

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I am not allowing anyone. Nothing is going on record. ...(*Interruptions*)... Nothing is going on record. संजय जी, बैठें। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी थैंक यू। श्री रामदास अठावले जी; नहीं हैं। श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा जी।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदय, भाजपा सरकार के लगभग सात वर्ष के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कथनी और करनी में इस सरकार का बड़ा अंतर रहा है

* Expunged as ordered by the Chair.

और यह बजट भी उस कथनी और करनी के अंतर को चरितार्थ करता है। 'आत्मनिर्भर भारत' की बात करने वालों ने skill development का बजट घटाने का काम किया है। संवेदनशीलता की बात करने वालों ने दिव्यांग कल्याण का बजट घटाने का काम किया, तो 'न्यू इंडिया' की बात करने वाली सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान का बजट घटाने का काम किया है। 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देने वाली सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण का बजट घटाने का काम किया है, तो राष्ट्रवाद की बात करने वाली सरकार ने जवानों की पेंशन का बजट घटाने का काम किया है। किसानों की आय दोगुनी करने वाली सरकार ने कृषि बजट घटाने का काम किया है, तो भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करने वाली सरकार ने शिक्षा का बजट घटाने का काम किया है। सर, कथनी और करनी में अंतर केवल इस बजट तक सीमित नहीं है। सात साल का कार्यकाल इसका गवाह है, बड़े-बड़े नारे दिए गए - नारा दिया था कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोज़गार देंगे, सात साल में 14 करोड़ लोगों को रोज़गार मिल जाना चाहिए था, मगर यही सरकार है जिसके कार्यकाल में 70 सालों में सबसे अधिक बेरोज़गारी की दर को सरकारी आंकड़ों के माध्यम से एनएसएसओ के सर्वे ने दिखाने का काम किया। आपने 70 साल का इकलौता बेरोज़गारी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ा - 70 साल में सबसे ज्यादा बेरोज़गारी दर आपकी सरकार में हुई, 70 साल में सबसे ज्यादा डीज़ल-पेट्रोल आपकी सरकार में महंगा हुआ, 70 साल में डीज़ल-पेट्रोल पर सबसे ज्यादा टैक्स आपकी सरकार में लिया गया, क्योंकि पेट्रोलजीवी सरकार है। 70 साल में आपकी सरकार में डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे नीचे गिरा, सस्ता हुआ, 70 साल में एनपीए के माध्यम से बैंकों का सबसे ज्यादा कर्ज़ आपकी सरकार में डूबा और 70 साल में गरीब-अमीर के बीच में अंतर सबसे ज्यादा आपकी सरकार में बढ़ा। एक प्रतिशत सबसे अमीर व्यक्तियों के पास 73 प्रतिशत सम्पत्ति है। केवल कोरोना काल में 11 सबसे अमीर हिन्दुस्तानी उद्योगपतियों की सम्पत्ति में 13 लाख करोड़ रुपये का इज़ाफा हुआ। एमएसपी को लागू करने में विशेषज्ञों का आकलन है, हरि दामोदरन जी का एक लेख आया कि केवल डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपये में - क्योंकि जितना खरीदा जाएगा, उसमें से कुछ बेचा भी जाएगा, डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपये के घाटे में एमएसपी पूरी तरह से लागू किया जा सकता है। केवल कोरोना काल में हिन्दुस्तान के 11 सबसे अमीर व्यक्तियों की सम्पत्ति में जो 13 लाख करोड़ रुपये का इज़ाफा हुआ, उसी पर आप यदि टैक्स लगा दें तो आप किसान के लिए एमएसपी का काम पूरा कर सकते हैं।

मैं कृषि पर आऊंगा, मुझे उम्मीद थी कि यह बजट किसानों को समर्पित होगा, क्योंकि जब कोरोना काल में आपकी अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी, तब किसान अपने हल को लेकर और ट्रैक्टर की स्टेयरिंग पकड़ कर निकला था और अर्थव्यवस्था को बचाने का काम किया था, उस समय किसानों ने अबाधित भोजन की व्यवस्था करने का काम किया था, लेकिन आपने कृषि बजट को ही घटाकर साढ़े आठ प्रतिशत कर दिया। कृषि कानून पर बड़ी चर्चा हुई। यह कहा गया कि हमने आंदोलन के बारे में बात की, लेकिन इन कानूनों में काला क्या है, यह हमें नहीं बताया गया। मैं दो-तीन बातें बताना चाहता हूं कि काला क्या है। आपने कहा कि 11 राउंड बातचीत हुई, लेकिन किसान संगठनों ने कुछ काला नहीं बताया। यह नज़रिये का फ़र्क है, आप इसको बड़े व्यवसायी के profit margin के नज़रिये से देखते हैं या आप इसको किसान के जीवन-मरण, जीविका के नज़रिये से देखते हैं? यह कहा गया कि बिन मांगे दिया गया। बिन मांगे बहुत से कानून दिए गए थे, बाल कानून बिन मांगे दिया गया था, दहेज कानून, ट्रिपल तलाक आदि कानून दिए गए थे, कई

बार अच्छे कानून बिन मांगे भी दिए जाते हैं, उनमें और इसमें फ़र्क यह है कि वे कानून जिन वर्गों के लिए दिए गए, वे वर्ग संघर्ष और आंदोलन के रास्ते पर नहीं आए। बाल कानून लागू हुआ तो दिल्ली को बच्चों ने नहीं घेरा कि बाल कानून वापस लिया जाए, दहेज का कानून आया तो महिलाएं धरने पर नहीं बैठीं कि हमें दहेज देना है, मगर यहां जिस वर्ग के लिए आप कानून लाए, वह वर्ग आज आपके दरवाज़े पर आकर दिल्ली के आसपास लाखों की तादाद में बैठा है। अनुराग जी ने कहा कि मंडियां खत्म नहीं हुईं। यह सही बात है, इसमें मंडी समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। महोदय, दो मंडियां बन गई हैं, उनमें से एक निजी मंडी है, जिसमें टैक्स नहीं लगेगा और एक सरकारी मंडी है, जिसमें टैक्स लगता है, दो मंडियां हैं। एक देश, एक विधान; एक देश, एक संविधान; एक देश, एक निशान; एक देश, एक चुनाव; एक देश, एक मार्केट तो एक देश, दो मंडियां क्यों? आपको किसान ही क्यों मिला? आप कह रहे हैं कि टैक्स मुक्त कर दिया, इन मंडियों में टैक्स कौन देता है, टैक्स खरीदार देता है, किसान नहीं देता है। पंजाब में किसान साढ़े 6 प्रतिशत, हरियाणा में चार प्रतिशत सरकार को देते हैं। आज हरियाणा और पंजाब का ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर अच्छा क्यों है, हर गाँव में अच्छी सड़कें क्यों हैं? क्योंकि यह जो टैक्स जाता है तो ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन मंडियों और किसानों के विकास के लिए इस टैक्स का इस्तेमाल होता है, इसीलिए आज पंजाब और हरियाणा सबसे आगे हैं। फिर बात आयी कि एमएसपी खत्म हो गया। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि एमएसपी था, है और रहेगा, अनुराग ठाकुर जी ने भी कहा कि किसी में दम है, जो बताए कि एमएसपी चला जाएगा। सही बात है कि एमएसपी था, है और रहेगा, मगर क्या एमएसपी सभी किसानों कोमिलेगा और सभी फसलों पर मिलेगा, प्रश्न इस बात का उठता है। आपमें दम है तो आप खड़े होकर कह दें कि देश में हर किसान को एमएसपी मिलेगा। आज भी शांता कुमार कमेटी बताती है कि मात्र 6 प्रतिशत से 16 प्रतिशत तक किसानों को एमएसपी मिलता है, बाकी देश में बहुत से ऐसे प्रदेश हैं, जहां पर एमएसपी नहीं मिलता है। आपको यह करना चाहिए था कि पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो एमएसपी मिलता है, वही एमएसपी बिहार में भी मिले, जहां धान 800 रुपये में, 1,000 रुपये में जा रहा है। हमारे यहां 1,800 रुपये में धान मिल रहा है। आपको यह करना चाहिए था कि इसको वहां पर लेकर जाएं, मगर आप वहां के किसान की परिस्थिति हमारे यहां जैसी करने की बजाय, हरियाणा, पंजाब के किसान की परिस्थिति उस तरह की करना चाह रहे हैं।

आपने private की बात कही थी कि आप private की खिलाफत कर रहे हैं। हम private की खिलाफत नहीं कर रहे हैं, हम कहते हैं, private आए, मगर मंडियों में इसको आने से किसने रोका है? Private मंडियों में आए और MSP से ज्यादा में खरीदे। आप कह रहे हैं कि बाहर ज्यादा भाव मिलेगा। यदि बाहर ज्यादा भाव मिलेगा, तो आपको यह कानून बनाने में क्यों आपत्ति है? अगर MSP से कम का कोई contract होगा, तो वह कानून बाध्य होगा। हम हरियाणा में 2007 में contract amendment APMC Act, के अंदर लाए। उसमें निजी कम्पनियों को allow किया मगर साथ में कानून लिख दिया कि अगर contract MSP से नीचे किया जाएगा, तो वह गैर-कानूनी होगा और जो लोग इस तरह का contract करते हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। आप कह रहे हैं, ज्यादा मिलेगा, तो आप यह कर दीजिए, आप कानूनी प्रावधान देने का काम करें। आपने कहा कि शरद पवार जी ने चिट्ठी लिखी थी, आपने कहा कि मुख्य मंत्री के समय हुड्डा कमेटी ने भी इसकी सिफारिश की थी कि APMC Act में सुधार हो, उसके अंदर बदलाव हो। मैं बताना

चाहता हूं कि हुड्डा कमेटी जिसमें प्रकाश सिंह बादल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार जी भी सदस्य थे, उस कमेटी ने इस पर क्या सुझाव दिया था? उन्होंने कहा था कि APMC Act में सुधार हो और इसका विस्तार हो। जिस प्रकार से हमने अपनी सरकार के समय हरियाणा में हर 10 किलोमीटर पर मंडियां स्थापित की थी, इसी तरह से पूरे देश में हर 10 किलोमीटर पर मंडियां बने। अगर कोई private आएं तो वे मंडियों के अंदर आएं, MSP से ज्यादा पर खरीदें और यदि MSP से कम पर खरीदते हैं, तो कानूनी कार्रवाई हो, इसलिए ऐसी खरीदारी allowed न हो। तीसरे, MSP की calculation C2 आधारित हो, A2 cost नहीं, C2 खर्चे के आधार पर MSP cost हो, जो आज किसानों की सबसे बड़ी मांग है। चौथा, यह है कि उसमें यह कहा गया है कि जो कर्ज़े की दर है...(**व्यवधान**)....

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No discussion. ...(*Interruptions*)... Please, no cross talk. ...(*Interruptions*)... No discussion. ...(*Interruptions*)... किसी और की बात record में नहीं जा रही है।...(**व्यवधान**) Deepender*ji*, continue.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : यह सिफारिश थी। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि open market, free market अच्छी है, लेकिन मैं इसके साथ ही यह भी कहना चाहता हूं कि free market हर चीज़ के लिए अच्छी नहीं है। मैं अनियंत्रित मार्केट के बारे में भी कहना चाहता हूं। आप अमरीका का उदाहरण देख लें, आज से 50-60 साल पहले वहां पर एक चौथाई लोग कृषि से जुड़े हुए थे। वहां पर free market लेकर आए। आज मात्र एक प्रतिशत अमरीका की जनसंख्या कृषि पर आधारित है। क्या free market के बाद यह concept आया?, 'Get big or get out.', बड़े-बड़े धनाढ्यों के आगे और corporate players के आगे छोटा किसान survive नहीं कर पाया। आज अमरीका के अंदर साढ़े चार सौ एकड़ की जोत वाला average किसान है। हिन्दुस्तान की तो average जोत आज मात्र 1.7 एकड़ है। हमारी तो 50 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र पर आधारित है। ये कैसे बड़े corporate का मुकाबला करेंगे? 'Get big or get out.', ये get out होंगे, तो कहां जाएंगे? क्या हमारी अर्थव्यवस्था है अमरीका की तरह .....(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Deepender*ji*, please start concluding.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं आखिर में अपनी दो बातें कहकर अपनी बात कन्क्लूड करना चाहूंगा। यहां बिचौलियां की बात की गई कि आपने बिचौलियों से मुक्त करा दिया, commission agents से मुक्त करा दिया। मैं सदन के माध्यम से पूछना चाहता हूं कि ये जो बड़े-बड़े धनाढ्य लोग आएंगे, बड़े-बड़े corporate house आएंगे, टाटा, बिरला, अडाणी, अम्बानी आदि आएंगे, तो ये बिचौलिया नहीं तो किसकी श्रेणी में आएंगे? क्या ये किसान की श्रेणी में आएंगे या उपभोक्ता की श्रेणी में आएंगे? ये बड़े-बड़े लोग सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए आएंगे, बिचौलियों की ....(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : मैं आखिर में अपनी बात conclude करते हुए कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने एक और बात कही है कि किसान आंदोलन में कुछ पवित्र लोग हैं और कुछ अपवित्र लोग हैं। हम प्रधान मंत्री जी की बात मान लेते हैं, आप कम से कम पवित्र लोगों की बात मान लीजिए। आंदोलन में जो पवित्र लोग हैं अगर वे पवित्र भावना से अपने हक के लिए बैठे हैं, तो आप उनकी बात मान लीजिए। आप दो कदम उठाकर इसकी शुरुआत करिए। मैं मांग करता हूं कि बातचीत के जरिए उनसे बात करें। क्योंकि आप ग्यारहवें राउंड में बातचीत से भागे थे, आप बारहवीं बातचीत के दरवाज़े खोलें। यह आपकी प्रजा है, इसलिए आप अपनी प्रजा की बात मानने से छोटे नहीं होंगे। अपनी प्रजा की बात मानने से आपकी हार नहीं होगी। बातचीत के दरवाजे खोलते हुए और जिन 200 से ज्यादा किसानों ने अपनी जान कुरबान की है, उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति लिए आपके मुख से एक शब्द भी नहीं निकला है। कम से कम उनके परिवारों की मदद के लिए एक package की घोषणा करें, उन लोगों का आपके प्रति विश्वास बनेगा। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): दीपेन्द्र जी, आपका समय खत्म हो गया है।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : हम विश्वास बनाने वाले लोग हैं। मैं आपसे हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि यह आपकी प्रजा है और ये आपके ही लोग हैं। आप इनकी बात मानिए, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय जवान, जय किसान, जय हिन्द।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: महोदय, इन्होंने मेरा नाम लिया है, इसलिए मैं कुछ बोलना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No, no. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... Under which Rule? ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH(Karnataka): Sir, he cannot speak again. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): It is not required. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... Please, Anurag*ji*, sit down. ...(*Interruptions*)... *Mananiya* Dr. Sudhanshu Trivedi. ...(*Interruptions*)... *Mananiya* Dr. Sudhanshu Trivedi. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... We will do it. ...(*Interruptions*)... *Mananiya* Dr. Sudhanshu Trivedi. ...(*Interruptions*)... I am not allowing anyone else. ...(*Interruptions*)... I am not allowing anyone else.

...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... मैं किसी और को allow नहीं कर रहा हूं।...(**व्यवधान**)... मैं किसी और को allow नहीं कर रहा हूं, तो आप लोग क्यों खड़े हो रहे हैं? ...(**व्यवधान**).... I am not allowing anyone to stand. ...(*Interruptions*)... *Mananiya* Dr. Sudhanshu Trivedi, you are only allowed ...(*Interruptions*)... No; I am not allowing it. ...(*Interruptions*)... Not required. ...(*Interruptions*)... Anurag*ji*, not required. ...(*Interruptions*)... Shri Sudhanshu Trivedi. ...(*Interruptions*)...

SHRI SANJAY SINGH: Sir,... ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, he is not allowed. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjay*ji*. ...(*Interruptions*)...

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, I have a point of order. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): What is the point of order? ...(*Interruptions*)... What is the point of order. ...(*Interruptions*)... Bhupender*ji*, what is the point of order? ...(*Interruptions*)...

श्री भूपेन्द्र यादव : संसदीय परंपरा का यह नियम है कि यदि कोई मंत्री बात स्पष्ट करना चाहते हैं, तो हमें संसदीय परंपरा के अंतर्गत allow करना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... यह तो स्वाभाविक है। ...(**व्यवधान**)... अगर कोई मंत्री कुछ बात कहना चाहते हैं...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Okay; fine. I am just allowing him for just two minutes. ...(*Interruptions*)... उनका नाम लिया गया है।...(**व्यवधान**)... I am just allowing him for two minutes. ...(*Interruptions*)...

श्री भूपेन्द्र यादव: यह उनके विभाग का विषय है। ...(**व्यवधान**)... उनके विभाग का विषय है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): अनुराग जी, मैं आपको सिर्फ दो मिनट का समय देता हूं। ...(**व्यवधान**)... Anurag*ji*, not more than two minutes. ...(*Interruptions*)... Only two minutes. ...(*Interruptions*)...

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के दो मिनट भी नहीं लूंगा। ...(**व्यवधान**)... मैं केवल एक मिनट में ही अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I am just allowing you for two minutes. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, do not allow him to speak. ...(*Interruptions*)...

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि...(**व्यवधान**)... ये लोग कहते हैं कि कांग्रेस ने जितना एम.एस.पी. पांच साल में दिया, उससे ढाई गुना ज्यादा एम.एस.पी. मोदी सरकार ने दिया। हमने चार गुना से ज्यादा केन्द्र बढ़ाए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Okay, that is it.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: ये लोग स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू नहीं कर पाए। यदि किसी ने रिपोर्ट लागू की, तो नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लागू की।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Okay, thank you, Anurag*ji*. Now, *Mananiya* Dr. Sudhanshu Trivedi. ...(*Interruptions*)... Please. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA: Sir, we will also reply. ...(*Interruptions*)... Why did you allow him? ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No, no, see, it cannot go back and forth. ...(*Interruptions*)... Deepender*ji*, you took his name and he made a point. ...(*Interruptions*)... Please. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Now, Dr. Sudhanshu Trivedi.

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी मैंने अपने पूर्ववर्ती वक्ताओं के बहुत-से विचार सुने। यहां पर तमाम आंकड़े, तथ्य और कथ्य बताए गए। मैं सोचता हूं कि आंकड़ों के विषय में हमें बहुत जानकारी है और सदन के सदस्यों को तो पर्याप्त जानकारी होती है। मैं इस आय-व्यय के अभिलेख, यानी बजट पर कुछ मन्तव्य और सरकार का इसमें क्या गन्तव्य है, इसे मैं दृष्टव्य करने का प्रयास करता हूं। सबसे पहले जब कपिल सिब्बल जी ने शुरू किया, तो उन्होंने कहा था कि, context and background, यानी संदर्भ और पृष्ठभूमि। कोई चीज़ कैसे शुरू हुई, उसकी पृष्ठभूमि देखनी चाहिए। इस संदर्भ में, मैं सबसे पहले क्वोट करना चाहूंगा कि वर्ष 2004 में जब चिदम्बरम जी ने यूपीए सरकार का पहला बजट दिया था, तो उन्होंने एक शब्द बोला था, जो उनके बजट भाषण में है - "The economic fundamentals are strong and the balance of payment is robust." यानी हमने वह पृष्ठभूमि छोड़ी थी, जिस पर वे कह रहे थे कि इकोनॉमी मजबूत थी। मैं दूसरा उदाहरण देना चाहूंगा कि अरुण जेटली जी ने 2014 के बजट में कहा था - "The two successive years of sub-five per cent growth has resulted

in the challenging situation coupled with the double-digit food inflation to be lowered. " यह पृष्ठभूमि और यह संदर्भ था, जब हम छोड़ते हैं, और यह पृष्ठभूमि और यह संदर्भ है, जब आप छोड़ते हैं। हमारे बहुत से सदस्यों ने कोविड की बीमारी का उल्लेख किया, तब हमारे प्रतिपक्ष के सदस्यों ने कहा कि कोविड से पहले भी तो अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी स्थिति में नहीं थी। उनके अनुसार उसका मूल कारण मोदी सरकार की नीतियां थीं। मैं इस विषय में क्वोट करना चाहता हूं कि IMF की Director, Kristalina Georgieva ने अपनी पहली speech in the month of October, 2019 में दी थी which was based on the assessment of IMF and in July, 2019, उन्होंने अपनी स्पीच में यह बोला था कि "The global economy is now in a synchronized slowdown." Then, she added in her speech that 'the deceleration will cause global growth to slide to its lowest since the start of the decade. She blamed the slowdown on a range of issues, but clubbing them under one common theme, that is, a fracture. The trade disputes are taking a toll and global trade growth has come to a near standstill.' यानी उन्होंने कहा कि दस साल में सबसे खराब स्थिति में विश्व की अर्थव्यवस्था synchronized slowdown में थी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, उन्होंने जो range of issues बताए, उनमें मोदी सरकार का इश्यू कहीं नहीं था। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब हम वैश्विक धरातल पर देखते हैं, तो कुछ हकीकत को भी देखने का प्रयास करें। इस बजट के बारे में यह कहा गया कि 1991 के बजट से तुलना करने का प्रयास किया गया। 1991 और आज के बजट में भारी अंतर है। जैसा अभी मैंने आई.एम.एफ. का क्वोट किया। हम लोग "दैहिक दैविक भौतिक ताप" के बारे में सुनते हैं। यह तो दैविक ताप था और 1991 भौतिक था।

वह man-made था, यह God disposed है। कैसे? देखिए, जब 1991 में हमारा Forex Reserve एक बिलियन के भी नीचे रह गया था, तो ऐसा नहीं है कि चार महीने की चंद्रशेखर जी की सरकार या 11 महीने की वी. पी. सिंह जी की सरकार में आ गया था। एक दशक तक स्वर्गीय इन्दिरा जी की दो-तिहाई बहुमत की सरकार, फिर 1980 से 1984 तक और फिर स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 1984 से 1989 की सरकार रही थी। 1980 में क्या स्थिति थी? मैं बताना चाहता हूं कि भारत का जो foreign exchange reserve था, वह 7 billion dollar था और China का 2.55 था। 1980 में चाइना कहां खड़ा था और हम कहां खड़े थे और फिर कहां खड़ा हो गया वह, और कहां खड़े हो गए हम। आप यह समझिए कि जब foreign exchange reserve 1 बिलियन डॉलर या उससे कम रह गया था, तो वह 100 बिलियन डॉलर कब हुआ था - 2004 में अटल जी सरकार में। वह 500 बिलियन डॉलर कब हुआ - मोदी जी की सरकार में। यह अंतर है कि हमने किस रूप में किस प्रकार से इसे आगे बढ़ाया है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि कोविड काल में जो कुछ हुआ, यह तो अपने आप में अभूतपूर्व था, क्योंकि यह मनुष्य जाति के ज्ञात इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी। हम सब इस बात से वाकिफ हैं। हम इसमें डिटेल में नहीं जाना चाहते हैं। हम इस बजट में सिर्फ एक बात कहना चाहते हैं कि सबसे बड़ी बात, जो वित्त मंत्री महोदया ने की - पूरी transparency की है। इसीलिए 9.5 प्रतिशत का fiscal deficit दिखाई दे रहा है। हमने वह कार्य करने का प्रयास नहीं किया कि पूर्ववर्ती समय में 1 लाख 40 हजार करोड़ के oil bonds, जो भारत सरकार के pay करने थे, परंतु वे oil companies के खाते में दिखाए गए और उस कारण से fiscal deficit कम

